दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 2 | देश विदेश | 4 | अभिव्यक्ति | 7 | कारोबार/खेल

RNI NO.MPHIN/2017/72749 | भोपाल, शनिवार 19 अप्रैल 2025 / कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2082/ | वर्ष-9 अंक-08 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

आज बेबाक

समाजवादी पार्टी ने केन्द्रीय गृह मंत्री से मांग की है कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को पूर्व में मिलने वाली जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराई जाए। सपाईयों के मुताबिक वे लोकसभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं। उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ाई जाए। सरकार उनकी सुरक्षा बढ़ा भी देगी क्योंकि इस देश में जनता भले ही असुरक्षित रहे नेताओं की सुरक्षा निहायत जरूरी है। तभी तो लल्लू पंजू नेताओं को भी कोई न कोई सुरक्षा मिल जाती है। फिर अखिलेश यादव तो बहुत बड़े वाले नेता जी हैं। उन्हें तो एसपीजी सुरक्षा मिलनी चाहिए।

रिश्वतखोर राजस्व निरीक्षक निलंबित

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार चन्द्रसेन को निलंबित कर दिया गया है. वे राजस्व निरीक्षण मंडल सारबहरा, तहसील पेंड्रारोड, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में पदस्थ थे. गिरफ्तारी के बाद वे 48 घंटे से अधिक पुलिस अभिरक्षा में रहे, जिसके चलते प्रशासन ने सिविल सेवा नियमों के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन आदेश जिला कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी द्वारा जारी किया गया. आदेश के अनुसार, निलंबन की अवधि में संतोष कुमार चन्द्रसेन का मुख्यालय भू-अभिलेख शाखा, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही नियत किया गया है. साथ ही उन्हें मूलभूत नियम 53 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर कैंप गौरेला की टीम ने बीते 15 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए संतोष कुमार चन्द्रसेन को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था. राजस्व निरीक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

आईएएस अनिल टुटेजा के घर पर सीबीआई की दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। बहुचर्चित शराब घोटाले में आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। दिल्ली से आई सीबीआई की टीम ने टुटेजा के घर पर दबिश दी है। पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा शराब घोटाले के अलावा मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों के अलावा महादेव सट्टा एप मामले में भी जांच के दायरे में हैं. सीबीआई ने एक महीने पहले ही महादेव सट्टा एप मामले में अनिल टुटेजा के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, आईपीएस अभिषेक पल्लव सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी. हालांकि, आज अनिल टुटेजा के घर सीबीआई की छापेमारी के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं है।

श्रीलंका ने भूमि संपर्क परियोजना के प्रस्ताव को खारिज किया

कोलंबो/नयी दिल्ली। श्रीलंका ने सड़क और रेल-पुल के माध्यम से दोनों देशों को जोड़ने वाली भूमि संपर्क परियोजना के निर्माण के भारत के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि वह अभी भूमि संपर्क के लिए तैयार नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ कोलंबो में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव रखा था। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में श्री दिसानायके की यात्रा के दौरान भी भारत ने जिस प्रस्ताव का उल्लेख किया था, उसे अव्यवहारिक मानते हुए अस्वीकार कर दिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में दोनों नेताओं की बैठक के दौरान यह मुद्दा चर्चा में शामिल नहीं था। फिर भी हाल ही में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच भूमि संपर्क के महत्व और इससे होने वाले कई लाभों का उल्लेख किया।

वन प्रबंधन में औपनिवेशिक सोच से मुक्त होना जरूरी : सीएम यादव

पृथ्वी पर निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा, अन्न और जल को सुरक्षित रखना होगा: केन्द्रीय मंत्री यादव

नदियों का प्रवाह बनाए रखने के लिए प्रदेश के वनों का राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण आवश्यक

मुख्यमंत्री ने जताई प्रवासी पक्षियों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी और रैप्टाईल्स व जल जीवों के संरक्षण के लिए कार्य योजना की आवश्यकता

जलवायु परिवर्तन और समुदाय आधारित आजीविका पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन, आजीविका से सम्बद्ध विषय है। जनजातीय क्षेत्र में अपार वन संपदा उपलब्ध है। इसके प्रबंधन में ध्यान रखना होगा कि विकास से जनजातीय वर्ग के हित प्रभावित न हो। भारतीय जीवन पद्धति वनों पर आधारित रही है। वनों के प्रबंधन में औपनिवेशिक सोच से मुक्त होने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत से विकास और प्रकृति को जोड़ते हुए प्रगति और प्रकृति में सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। पेसा एक्ट इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जीवन का आनंद समग्रता में है, और प्रकृति आधारित जीवन जीने से कई समस्याओं का समाधान स्वतः ही हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापना, जलवायु परिवर्तन और समुदाय आधारित आजीविका पर प्रशासन अकादमी में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन

मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भगवान बिरसा मुंडा और वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में वनों की स्थिति में सुधार और वन प्रबंधन में नवाचार के लिए के लिए वन विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण से इको सिस्टम बेहतर हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर चीतों का पुनर्स्थापना हो पाया है। उन्होंने किंग कोबरा सहित रैप्टाइल्स की प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इससे सर्पदंश की घटनाओं में कमी आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन क्षेत्र में विद्यमान जनजातीय समुदाय के पूजा और आस्था स्थलों के संरक्षण के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। आवश्यकता होने पर केंद्र शासन से भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश वन की दृष्टि से बहुत संपन्न है। प्रदेश में यद्यपि कोई ग्लेशियर नहीं है, किन्तु प्राकृतिक रूप से वनों से निकलने वाली जल राशि से ही प्रदेश से निकलने वाली बड़ी नदियां आकार लेती हैं। मध्यप्रदेश से निकली सोन, केन, बेतवा, नर्मदा नदियां देश के कई राज्यों में जल से जीवन पहुंचा रही हैं। बिहार, गुजरात और उत्तर प्रदेश की प्रगति में प्रदेश के वनों से निकले इस जल का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दृष्टि से मध्यप्रदेश के वन, पूरे देश के वन हैं। इन नदियों के संरक्षण और उनके निर्मल अविरल प्रवाह को बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश के वनों का संरक्षण और संवर्धन महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा समग्र के माध्यम से नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। अन्य नदियों पर भी कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन-बेतवा नदी जो?ी परियोजना तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) लिंक परियोजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश के बड़े क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता और सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल जीवों के संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने वन्य प्राणियों के संरक्षण में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने प्रवासी पक्षियों पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन संरक्षण के साथ-साथ आजीविका **शेष पृष्ठ 5 पर**

रक्षा संबंधों को अधिक सशक्त बनाएंगे भारत और ब्रिटेन

भारतीय रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और ब्रिटेन ने क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ-साथ रक्षा संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दो दिन की लंदन यात्रा के दौरान वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। रक्षा सचिव ने लंदन में अपने समकक्ष डेविड विलियम्स के साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने वार्ता के दौरान क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की और रक्षा संबंधों को पहले से सशक्त बनाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह चर्चा वर्ष 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को विस्तार देगी। भारतीय रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संबंधों को आगे बढ़ाने और दोनों

पीएम मोदी ने एलन मस्क से की फोन पर बातचीत

प्रौद्योगिकी और नवाचार पर की गई चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी ने टेस्ला के मुखिया एलन मस्क से बातचीत की है। पीएम ने इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोस्ट में बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएम ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में गुरु तेग बहादुर जी के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम ने बताया कि उनका जीवन साहस और करुणामय सेवा का प्रतीक है। अन्याय के खिलाफ लड़ने में वे अडिग थे। उनकी शिक्षाएं हमें उनकी ओर से देखे गए समाज के निर्माण में प्रेरित करती रहेंगी।

यह फैसला कितना अहम, क्या हैं ये धरोहरें?

भरतमुनि का नाट्यशास्त्र और भगवद गीता यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड लिस्ट में शामिल

नई दिल्ली/ए.। भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को अंतरराष्ट्रीय धरोहरों के संरक्षण से जुड़ी संस्था- यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। इसे लेकर पूरे देश में हर्ष का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर संस्कृति-पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत और दर्जनों हस्तियों ने इस फैसले को लेकर खुशी जताई है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर क्या है? भारत की जिन कलाकृतियों को इसमें धरोहर के तौर पर शामिल किया गया है, वह क्या हैं? इसके अलावा भारत से जुड़ी कौन-कौन सी धरोहरों को इस लिस्ट में शामिल किया जा चुका है?

क्या है यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर? - यूनेस्को असल में संयुक्त राष्ट्र संघ का हिस्सा है। यूनेस्को का पूरा मतलब है- यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन। जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यूनेस्को शिक्षा, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए वैश्विक शांति

रॉबर्ट वाड्रा की बढ़ेंगी मुश्किलें! फिर से तलब कर सकती है ईडी

नई दिल्ली (ए.)। मनी लॉड्रिंग मामले में जाने-माने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से लगातार तीन दिन तक ईडी ने पूछताछ की है। मगर पूछताछ का यह सिलसिला अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि शिकोहपुर जमीन मामले में ईडी अब अन्य गवाहों से पूछताछ करेगी। गवाहों से पूछताछ में सामने आने वाले तथ्यों की जांच के लिए ईडी एक बार फिर वाड्रा को तलब कर सकती है। ईडी ने शिकोहपुर जमीन से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा से करीब 16 घंटे तक पूछताछ की। बताया जा रहा है कि अब ईडी इस मामले में अन्य गवाहों को पूछताछ के लिए तलब करेगी। इसके बाद रॉबर्ट वाड्रा को फिर से तलब किया जा सकता है। इसके अलावा मनी लॉड्रिंग के दो अन्य मामलों में भी ईडी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। इन मामलों में वाड्रा को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

उपग्रह आधारित टोल प्रणाली लागू करने का अभी कोई निर्णय नहीं : सरकार

नयी दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि उसने आगामी एक मई से देश भर में उपग्रह आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उसने या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है।

सरकार ने कुछ मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए यह स्पष्टीकरण जारी किया है। इन रिपोर्टों में कहा गया था कि आगामी एक मई से देश भर में मौजूदा फास्टैग प्रणाली के स्थान पर टोल संग्रह के लिए उपग्रह आधारित प्रणाली की शुरूआत की जा रही है। मंत्रालय ने कहा है कि टोल प्लाजा के माध्यम से वाहनों की निर्बाध, बाधा-मुक्त आवाजाही को सक्षम बनाने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर स्वचालित नम्बर प्लेट

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार, जाति आधारित भेदभाव खत्म करना है मकसद : राहुल गांधी

बंगलूरू/नवप्रदेश। कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने इस कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम सिद्धारमैया को लिखे पत्र में कहा, सरकार को 'रोहित वेमुला एक्ट' नाम से कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना है। अपने पत्र में राहुल ने भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर का भी जिक्र किया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपने जीवनकाल में भेदभाव का सामना करना पड़ा था।

डॉ आंबेडकर के साथ कैसा भेदभाव हुआ : बकौल राहुल गांधी, एक समय लंबी बैलगाड़ी यात्रा के दौरान हुई घटना का बाबा साहेब ने उल्लेख किया है। राहुल ने अपने पत्र में बाबा साहेब के संस्मरण का जिक्र करते हुए लिखा डॉ आंबेडकर को एक

होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य

बकौल राहुल गांधी, आंबेडकर ने जो झेला वह शर्मनाक था। भारत में किसी बच्चे के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। आज हमारे लिए यह शर्म की बात है कि देश की शिक्षा प्रणाली में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के लाखों छात्रों को जाति आधारित भेदभाव से जूझना पड़ता है। 16 अप्रैल को लिखे इस पत्र में राहुल लिखते हैं कि रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य है। इनसे सख्ती से निपटने का समय आ गया है।

गरमा-गरम

समीक्षा.. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ की चीता प्रोजेक्ट की समीक्षा

गांधीसागर अभयारण्य की जलवायु चीतों के लिए अनुकूल, 20 अप्रैल को छोड़े जाएंगे चीते : सीएम यादव

कूनो को बनाएंगे एक आदर्श वन्य पर्यटन स्थल

चीतों के दीदार के लिए कूनो आने वाले पर्यटकों को जल्द मिलेगी रोड-टू-एयर कनेक्टिविटी

कूनो राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए खोले जाएंगे दीदी कैफे

महिला स्व-सहायता समूहों को मिलेगा बड़ा रोजगार

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इको सिस्टम के प्रॉपर डेवलपमेंट के लिए मध्यप्रदेश में वृहद स्तर पर काम हो रहा है। वन्य पर्यटन हमारी अर्थव्यवस्था को गति देता है और अब यही हमारी समृद्धि का प्रवेश द्वार बन रहा है। हमारी सरकार कूनो राष्ट्रीय उद्यान को एक आदर्श वन्य प्राणी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। प्रदेश में सिर्फ कूनो ही नहीं, अब मंदसौर जिले का गांधीसागर अभयारण्य भी चीतों से गुलजार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से आगामी 20 अप्रैल को गांधी सागर अभयारण्य में चीते छोड़े जाएंगे। कड़ी सुरक्षा में कूनो नेशनल

पार्क से 2 चीते शिफ्ट कर गांधीसागर अभयारण्य में ले जाये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन तेजी से बढ़े, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार ग्वालियर से कूनो के लिए डायरेक्ट रोड और एयर कनेक्टिविटी भी विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के साथ मध्यप्रदेश में चीता प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

भारत में जन्में चीता शावकों की सर्वाइवल रेट विश्व में है अधिकतम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया कि भारत (मध्यप्रदेश) में जन्में चीता शावकों की जीवन प्रत्याशा (सर्वाइवल रेट) पूरे विश्व में सर्वाधिक है। दूसरे देशों में चीता शावक जलवायु से अनुकूलन के अभाव में सर्वाइव नहीं कर पाते हैं। चीतों के लिए जरूरी जलवायु और वातावरण की दृष्टि से गांधीसागर अभयारण्य बेहद अनुकूल है, इसलिए सरकार यहां चीते छोड़कर इस अभयारण्य को भी चीतों से गुलजार करेगी।

कूनो जु?गा रोड टू एयर कनेक्टिविटी से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ मिलकर सबके सहयोग से हम चीतों का पुनर्वास करेंगे। ग्वालियर से कूनो नेशनल पार्क तक पक्की बारहमासी रोड बनाई जाएगी। कूनो में टेंट सिटी तैयार कर यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल में प्रकृति के पास समय बिताने का सुनहरा **शेष पृष्ठ 5 पर**

नासिक में धर्म स्थल गिराने के नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, बॉबे एचसी से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। नासिक में धार्मिक स्थल को नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के नोटिस पर अंतरिम रोक लगाई। इसके अलावा याचिका को सूचीबद्ध न करने बॉम्बे हाईकोर्ट से रिपोर्ट से मांगी है।

नगर निगम ने 15-16 अप्रैल की रात को शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटा दिया था। नगर निगम के नोटिस विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अप्रैल दोपहर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा था कि याचिका सात अप्रैल को उच्च न्यायालय में दायर की गई थी, लेकिन उस पर सुनवाई नहीं हुई।

इसके बाद पीठ ने आदेश दिया कि प्रतिवादी संख्या 1 नासिक नगर निगम द्वारा जारी एक अप्रैल, 2025 के नोटिस पर रोक रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय की गई। अदालत में धार्मिक स्थल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन पाहवा ने दावा किया कि प्रयास के बावजूद मामला उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध नहीं किया गया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हमने वरिष्ठ वकील के इस विशिष्ट बयान के मद्देनजर यह असाधारण कदम उठाया है कि मामले को सूचीबद्ध कराने के लिए हर दिन प्रयास किए गए। हम उनके बयान के बारे में अनिश्चित हैं कि उच्च न्यायालय ने बार-बार अनुरोध के बावजूद मामले को सूचीबद्ध नहीं किया। यह एक गंभीर बयान है और वकील को इस तरह के बयान के परिणाम की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इसके बाद शीर्ष अदालत ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को याचिका की सूची के बारे में एक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

सर्वोच्च न्यायालय ने नासिक नगर निगम से जवाब मांगा

सर्वोच्च न्यायालय ने नासिक नगर निगम से जवाब मांगा। वकील पाहवा ने दलील दी कि सात अप्रैल 2025 को उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई थी और वह आठ अप्रैल से मामले के सूचीबद्ध होने का इंतजार कर रहे थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने मामले को सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है। हम यह समझने में असमर्थ हैं कि नौ अप्रैल से लेकर आज तक क्या हुआ। वकीलों का कहना है कि वे हर दिन प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद पीठ ने नगर निकाय और अन्य प्राधिकारियों से जवाब मांगा।

नासिक में हो गया था बवाल

पिछले दिनों महाराष्ट्र के नासिक में धार्मिक स्थल पर बुल्डोजर कार्रवाई पर बवाल हो गया था। धार्मिक स्थल को गिराने पर गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया था। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। भीड़ ने तीन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रण में किया। 15 लोगों को हिरासत में लिया है।

अखिलेश यादव ने बताया क्यों बदल दिया अपना गमछा?

लखनऊ (ए.)। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, मैं इसलिए इस गमछे को पहनकर आया, क्योंकि मैं जगन्नाथ पुरी गया था। मुझे जानकारी मिली कि वहां अभी तक योगी जी गए ही नहीं हैं। मैं गमछा इसलिए पहना हूं, ताकि मैं उन्हें (सीएम योगी) ये बात याद दिला सकूं। वो गए नहीं तो इसका मतलब मैं ये कहूं कि वो हिंदू नहीं हैं, लेकिन मैं यह नहीं कह सकता। अगर मैं भाजपा का होता तो कहता कि वो हिंदू ही नहीं हैं, वे खराब हिंदू हैं। अखिलेश यादव ने कहा, जो सच्चा हिंदू है वह स्वामी विवेकानंद जी को मानता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस और टॉलरेंस हमें ज्यादा धर्म सिखाता है। उन्होंने शिकागो में भाषण दिया कि हम उसे देश आते हैं, जो देश और जिस देश का धर्म हमें सब को स्वीकार करना सिखाता है। यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस और टॉलरेंस हमारा धर्म सिखाता। बताइए विवेकानंद जी की कितनी बात मानते हैं, केवल वस्त्र पहन लेते हैं और बोलते हैं। हम हो गए विवेकानंद। वस्त्र से कोई योगी नहीं हो सकता है, बल्कि विचार से योगी हो सकता है अखिलेश ने कहा, उत्तर प्रदेश में जीरो पावर्टी हो गई जीरो पावर्टी हो गई। कहते हैं न्याय को लेकर जीरो टॉलरेंस है और आप किसी के भी साथ अन्याय कर दे रहे हो। आप किसी पर झूठे मुकदमे लगा रहे हो, किसी को भी जेल भेज रहे हो और किसी का भी एनकाउंटर कर रहे।

जदयू को मिलेंगे बिहार में 60 प्रतिशत वोट

नई दिल्ली (वार्ता)। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) ने दावा किया है कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को 60 प्रतिशत से अधिक वोट मिलेंगे। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने शुक्रवार को यहां कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन पर राज्य की जनता को पूरा भरोसा है। राज्य की जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लगातार जिताया है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार को राज्य में सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है।

थल सेना प्रमुख ने यादव से की सौजन्य भेंट

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आज थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्रम और राजा भोज की मूर्ति भेंट कर थल सेना प्रमुख श्री द्विवेदी का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री द्विवेदी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को मणिपुरी शैली में निर्मित राधा कृष्ण की प्रतिकृति भेंट की। लेफ्टिनेंट जनरल पीपी सिंह तथा मेजर जनरल सुमित भी उनके साथ उपस्थित रहे।

आतंकवादी लांडा हरिके और गैंगस्टर सत्ता नौशेरा के दो प्रमुख सहयोगी गिरफ्तार

तरनतारन (वार्ता)। पंजाब में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स, पंजाब (ए जी टी एफ) और तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में तरनतारन के पास जवंदा गांव में गोलीबारी के बाद आतंकवादी लांडा हरिके और गैंगस्टर सत्ता नौशेरा के दो प्रमुख सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान युवराज उर्फ जग्गू और महकप्रीत उर्फ ?महक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पुलिस पर गोलियां चलाई और पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए और उन्हें सिविल अस्पताल, तरनतारन में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक ग्लॉक 9एमएम और एक .30 कैलिबर पिस्तौल जिंदा कारतूस के साथ बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि दोनों अपराधियों को पंजाब में लक्षित हत्याओं को अंजाम देने के लिए विदेशी हैंडलर द्वारा निर्देशित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी से पुलिस राज्य में में सनसनीखेज अपराधों को नाकाम करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस संगठित अपराध को खत्म करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भजनलाल की विश्व धरोहर दिवस की शुभकामनाएं

जयपुर (वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्व धरोहर दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार, जाति आधारित भेदभाव खत्म करना है मकसद

बंगलूरू (ए.)। कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने इस कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम सिद्धारमैया को लिखे पत्र में कहा, सरकार को रोहित वेमुला एक्ट नाम से कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना है। अपने पत्र में राहुल ने भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर का भी जिक्र किया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपने जीवनकाल में भेदभाव का सामना करना पड़ा था।

डॉ आंबेडकर के साथ कैसा भेदभाव हुआ

बकौल राहुल गांधी, एक समय लंबी बैलगाड़ी यात्रा के दौरान हुई घटना का बाबा साहेब ने उल्लेख किया है। राहुल ने अपने पत्र में बाबा साहेब के संस्मरण का जिक्र करते हुए लिखा डॉ आंबेडकर को एक समय बिना भोजन के सोना पड़ा, क्योंकि लोगों ने अछूत मानकर उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। आंबेडकर बताते हैं कि उनके पास पर्याप्त खाना था, भूख भी लगी थी, इसके बावजूद उन्हें भूखे सोना पड़ा। स्कूल में उन्हें अपनी रैंक के मुताबिक सहपाठियों के बीच बैठने की अनुमति नहीं थी। उन्हें कोने में अकेले बिठाया जाता था।

शिक्षा प्रणाली में आज भी जातिगत भेदभाव का दंश

राहुल ने लिखा कि वे कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हैं, ताकि किसी भी बच्चे को वैसे दंश न झेलने पड़ें जो डॉ. बीआर अंबेडकर, रोहित वेमुला और लाखों अन्य लोगों को सहने पड़े। उन्होंने एक्स पर अपना पत्र साझा किया और लिखा, हाल ही में वे संसद में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के छात्रों और शिक्षकों से मिला। बातचीत के दौरान कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव का के बारे में जानकारी मिली।

होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य

बकौल राहुल गांधी, आंबेडकर ने जो झेला वह शर्मनाक था।

भारत में किसी बच्चे के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। आज हमारे लिए यह शर्म की बात है कि देश की शिक्षा प्रणाली में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के लाखों छात्रों को जाति आधारित भेदभाव से जूझना पड़ता है।

16 अप्रैल को लिखे इस पत्र में राहुल लिखते हैं कि रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य है। इनसे सख्ती से निपटने का समय आ गया है।

2016 में हुई थी रोहित वेमुला की मौत

बकौल राहुल गांधी, बाबा साहब आंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जिसकी मदद से वंचित भी सशक्त बन सकते हैं। जाति व्यवस्था को तोड़ा जा सकता है। हालांकि, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी, लाखों छात्र हमारी शिक्षा प्रणाली में जातिगत भेदभाव का दंश झेलने को मजबूर हैं। बता दें कि हैदराबाद में पढ़ाई करने वाले रोहित वेमुला की 2016 में मौत हुई थी।

दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की अपील खारिज की

कोलकाता (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद की यात्रा स्थगित करने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अपील खारिज करते हुए शुक्रवार को वहां के लिए रवाना हो गये।

राजभवन के सूत्रों के अनुसार राज्यपाल आज मालदा के सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे और शनिवार को वहां से वह मुर्शिदाबाद के प्रभावित इलाकों समशेरगंज और धुइलियां का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि मुर्शिदाबाद से विस्थापित और पीड़ित महिलाओं के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार की दोपहर राज्यपाल से मुलाकात की और अपनी दुर्दशा बतायी। राज्यपाल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि स्थिति सामान्य होने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं।

इससे पहले बनर्जी ने कल संवाददाता सम्मेलन में बोस से दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद की यात्रा स्थगित करने का आग्रह करते हुए कहा था कि जिले में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और प्रशासन लोगों का विश्वास बहाल करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने कहा , मैं अनुरोध करूंगी कि स्थानीय लोगों के अलावा कोई भी अब मुर्शिदाबाद न जाए। शांति धीरे-धीरे लौट रही है और इस स्थिति में हमें प्रशासन की मदद करनी चाहिए, ताकि वे अपना विश्वास बहाली का काम जारी रख सकें। मैं माननीय राज्यपाल से कुछ दिन और प्रतीक्षा करने की अपील करूंगी। हमारा महिला आयोग भी जाना चाहता था, लेकिन मैंने उन्हें रोक दिया। मैं भी नहीं जा रही हूं। उन्होंने कहा कि वह मुर्शिदाबाद में स्थिति सामान्य होने के बाद ही वहां जायेंगी। सहायक पुलिस महानिदेशक(कानून एवं व्यवस्था) सुप्रतिम सरकार ने संवाददाताओं को बताया कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों में अशांति के शुरुआती संकेतों का पता लगाने में कोई खुफिया चूक हुई है या नहीं, इसका आकलन किया जायेगा। हिंसा के सिलसिले में कुल 60 प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 274 हो गयी है।

60 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंधेंगे भाजपा नेता दिलीप घोष

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष 60 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। वे अपनी भाजपा की सहयोगी रिंकू मजूमदार से शादी करने जा रहे हैं। शादी आज यानी 18 अप्रैल को कोलकाता में उनके आवास पर होने की खबर है। 60 वर्षीय भाजपा नेता अब तक अविवाहित हैं। सूत्रों के मुताबिक, कुणाल घोष और देबांगशु भट्टाचार्य सहित कई तृणमूल नेताओं ने इस अवसर पर भाजपा नेता को बधाई दी। दिलीप घोष के करीबी लोगों के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि दोनों की मुलाकात सुबह की सैर के दौरान हुई और समय के

साथ उनका रिश्ता मजबूत होता गया। न्यू टाउन में एक निजी समारोह में दोनों की शादी होगी, जिसमें करीबी रिश्तेदार भी शामिल होंगे। कहा यह भी जा रहा है कि शादी का प्रस्ताव दुल्हन पक्ष की ओर से दिया गया था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सुबह घोष के न्यू टाउन स्थित आवास पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनके करीबी एक भाजपा नेता ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में आईपीएल मैच के दौरान दिलीप घोष और उनकी होने वाली पत्नी शामिल हुए

अमृतसर सीमा पर हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

जालंधर (वार्ता)। सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर अमृतसर सीमा पर हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर जालंधर के जनसंपर्क अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए, बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने एक विशेष सूचना के आधार पर व्यापक तलाशी अभियान के परिणामस्वरूप अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में 06 पिस्तौल और 14 मैगजीन बरामद कीं।

अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान दें

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम बंगाल की हिंसा पर टिप्पणी करने वाले बांग्लादेश को भारत ने खरी-खरी सुनाई है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के बयान का संज्ञान लिया और कहा कि पड़ोसी देश को अपने देश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। बांग्लादेश की टिप्पणी से बिफरे भारत ने दो टूक लहजे में कहा, हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं। ऐसी टिप्पणी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं का समाधान करने की जगह, हिंसा की घटनाओं के साथ समानता दिखाने का छिपा हुआ और धूर्त प्रयास है। भारत ने बांग्लादेश को आइना दिखाया और कहा, वहां हिंसा जैसे कृत्यों में संलिप्त अपराधी खुलेआम घूमते रहते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पड़ोसी देश को भारत के मामलों में अनुचित टिप्पणी करने और खुद को अच्छा बताने के बजाय, बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत और बांग्लादेश संबंधों से जुड़े एक सवाल पर कहा था कि, भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की उम्मीद करता है। हम एक लोकतांत्रिक, समावेशी बांग्लादेश के पक्ष में हैं। बता दें कि तल्ख होते रिश्तों के कारण पिछले सप्ताह भारत ने बांग्लादेश को मध्य पूर्व, यूरोप और अन्य देशों के लिए अपने बंदरगाहों और हवाई अड्डों के माध्यम से दी जाने वाली ट्रांसशिपमेंट सुविधा वापस लेने की घोषणा की थी।

कांचा गाचीबोवली घोटाले की जांच के लिए केटीआर ने मोदी से किया आग्रह

मुख्यमंत्री रेड्डी ने 400 एकड़ से अधिक वन भूमि को गिरवी रखा: रामाराव

हैदराबाद (वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने तेलंगाना के कांचा गाचीबोवली में कथित 10,000 करोड़ रुपये के घोटाले और पर्यावरण विनाश के मामले की जांच और तत्काल कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है।

रामाराव ने अपने बयान में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर 400 एकड़ से अधिक वन भूमि को अवैध रूप से गिरवी रखने से जुड़े बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री को यह भी चुनौती दी कि वे अपने पर्यावरण संबंधी बयानबाजी को निर्णायक कार्रवाई के साथ समर्थन दें, जिससे राज्य में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच मिलीभगत के बढ़ते आरोपों को गलत साबित किया जा सके।

उन्होंने हैदराबाद विश्वविद्यालय से सटे पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील वन भूमि की कथित

निकासी का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल पर्यावरणीय आपदा नहीं है; बल्कि यह कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया 10,000 करोड़ रुपये का घोटाला है। मोर, हिरण और अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों का घर यह जंगल शहर के पारिस्थितिकी संतुलन और भूजल स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। पर्यावरणविदों, छात्र समूहों के विरोध और भूमि नीलामी पर रोक लगाने वाले उच्चतम न्यायालय के मौजूदा आदेश के बावजूद कथित तौर पर आईटी पार्क सहित वाणिज्यिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भूमि को साफ कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ने भारी कर्ज हासिल करने के लिए कानूनी शीर्षक या पर्यावरणीय मंजूरी के बिना भूमि को गिरवी रख दिया। उन्होंने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के निष्कर्षों का हवाला दिया, जिसने वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि की और सीबीआई, आरबीआई, सेबी, एसएफआईओ और सीवीसी जैसी राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा जांच की सिफारिश की। उन्होंने बताया कि बीआरएस ने पहले ही इन अधिकारियों को सहायक दस्तावेज जमा कर दिये हैं। बीआरएय कार्यकारी अध्यक्ष ने हरियाणा में श्री मोदी की हाल की टिप्पणियों का भी संदर्भ दिया, जहां उन्होंने तेलंगाना में वनों की कटाई की निंदा की, और पूछा कि क्या वे केवल दिखावटी थे। उन्होंने प्रधानमंत्री को निर्णायक रूप से कार्य करने की चुनौती देते हुए कहा कि यह तेलंगाना को दिखाने का समय है कि भाजपा और कांग्रेस मिलीभगत नहीं कर रहे हैं और आप वास्तव में पर्यावरण संरक्षण की परवाह करते हैं। वन्यजीवों की चिंताओं को खारिज करने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए, उन्होंने तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार की रिपोर्ट की ओर इशारा किया, जिसमें क्षेत्र में संरक्षित प्रजातियों सहित महत्वपूर्ण जीवों की उपस्थिति की पुष्टि की गयी है।

शिक्षा पर राजनीति .. | विभाग ने शिक्षकों के लिए कोई भी ड्रेस कोड लागू नहीं किया है

शिक्षा विभाग ने स्वैच्छिक ड्रेस कोड संबंधी परामर्श में ये निर्देश जारी किए

सरकारी स्कूलों में जींस, टी-शर्ट और चटक रंग के कपड़ों में नहीं आ सकेंगे शिक्षक, निर्देश जारी

शिमला (ए.)। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के जींस, टी-शर्ट, चटक रंग वाली और फैशनेबल पोशाक तथा भारी गहने पहनने पर रोक लगा दी गई है। शिक्षा विभाग ने स्वैच्छिक ड्रेस कोड संबंधी परामर्श में ये निर्देश जारी किए।

हालांकि, विभाग ने शिक्षकों के लिए कोई भी ड्रेस कोड लागू नहीं किया है। यह परामर्श अनिवार्य नहीं है, लेकिन छात्र-छात्राओं में एक उदाहरण पेश करने और शैक्षणिक संस्थानों की मर्यादा बनाए रखने के मद्देनजर एक पेशेवर व औपचारिक ड्रेस कोड अपनाने की बात कही गई है।

शिक्षा सचिव राकेश कंवर की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि कई शिक्षकों ने पहले से ही इस बारे में सकारात्मक कदम उठाए हैं।

कई शिक्षकों ने स्वेच्छा से गरिमापूर्ण व एक समान पोशाक अपनाई है,

जो दूसरों के लिए एक सराहनीय उदाहरण है। शिक्षा सचिव की ओर से जारी सलाह में कहा गया है कि शिक्षक छात्रों के लिए रोल मॉडल होते हैं। उनके तौर-तरीके और ड्रेसिंग स्टाइल युवा दिमाग पर एक स्थायी छाप छोड़ते हैं।

यह भी सिफारिश की है कि गैर शिक्षण कर्मचारियों को पेशेवर पोशाक के मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। ड्रेस कोड के कार्यान्वयन को व्यक्तिगत स्कूल अधिकारियों के विवेक पर छोड़ दिया गया है।

शिक्षा विभाग ने सुझाया यह ड्रेस कोड

पुरुष शिक्षकों के लिए सुझाए गए ड्रेस कोड में हल्के रंगों में औपचारिक पतलून और शर्ट शामिल हैं, जबकि महिला शिक्षक औपचारिक भारतीय पोशाक जैसे दुपट्टे के साथ सलवार-कमीज, साड़ी, चूड़ीदार सूट या औपचारिक पश्चिमी परिधान चुन सकती हैं। मैरून या नीले रंग के ब्लेजर, पेशेवर जूते और उचित सौंदर्य मानकों को भी प्रोत्साहित किया गया है। स्कूल स्थानीय प्राथमिकताओं और मौसम की स्थिति के अनुसार ड्रेस कोड को अनुकूलित करने के लिए स्वतंत्र हैं और इसके पालन के लिए विशिष्ट दिन चुन सकते हैं।

उज्जैन में 'जल-जागरण' की ऐतिहासिक शुरुआत: गंधर्व सागर में हुआ भूमि-पूजन

भोपाल/नवप्रदेश। धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना की भूमि उज्जैन आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब गंधर्व सागर के भूमि पूजन के साथ जल-जागरण की क्रांति का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह आयोजन केवल एक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रव्यापी जन-जागरण की पहली औपचारिक आहुति बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा महाकाल के स्मरण, भारत माता की जय और वंदे मातरम की गूंज के साथ हुई। पूरे वातावरण में देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संचार हुआ।

जल गंगा संवर्धन अभियान में नई पहल

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत यह आयोजन एक जन-आंदोलन के रूप में सामने आया, जिसका उद्देश्य केवल जल स्रोतों का पुनरुद्धार नहीं, बल्कि नागरिकों में जल प्रबंधन और संरक्षण की भावना जाग्रत करना भी है।

जल ही जीवन है अब नारा नहीं, जन-आंदोलन

वक्ताओं ने इस अभियान को जनभागीदारी की मिसाल बताते हुए कहा कि जल ही जीवन है। अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह जन-आंदोलन बन चुका है। गंधर्व सागर का पुनरुत्थान उज्जैन सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को जल संकट से उबारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम होगा।

इस दौरान कार्यक्रम में सप्तसागर की गौरवगाथा का स्मरण करते हुए

उज्जैन के सप्तसागर रूद्रसागर, रत्नाकर सागर, गोवर्धन सागर, पुरुषोत्तम सागर, पुष्कर सागर, विष्णु सागर और क्षीर सागर का उल्लेख करते हुए उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम में जल प्रहरी बनने का लिया संकल्प

अगर आज जल नहीं बचाया गया, तो कल इसके लिए संघर्ष करना पड़ेगा, इस चेतावनी के साथ सभी को जल संचयन, जल प्रबंधन और जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। उपस्थित जनसमूह ने पूरे उत्साह से 'जल-जागरण' को जन-जागरण में बदलने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व, दृष्टिकोण और संकल्पशक्ति की सराहना करते हुए आयोजन समिति ने उनके प्रति आभार प्रकट किया। वक्ताओं ने कहा कि उनकी दूरदृष्टि से ही यह जल-जागरण आंदोलन वास्तविक धरातल पर उतर पाया है।

हर बूंद में भविष्य है, हर प्रयास में है परिवर्तन, इस प्रेरणादायक मूल मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जो उज्जैन ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बन गया।

इस भव्य आयोजन में उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, नगर अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

न्यूज गैलरी

शालाओं में 22 अप्रैल को होगा पृथ्वी दिवस का आयोजन

विद्यार्थी निर्मित करेंगे वनस्पतियों की जानकारी के क्यूआर कोड

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के संचालन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाइफ'' कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों में इको क्लब का गठन भी किया गया है। प्रदेश में विद्यालयों में गठित इको क्लब से ÷फ्लोरा (वनस्पति) के लिए क्यूआर कोड÷ नामक एक शैक्षिक पहल की शुरूआत की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल का विकास करना, क्यूआर कोड निर्माण और डिजिटल जानकारी प्रदान करना है। पृथ्वी दिवस के आयोजन में विद्यालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाईफ'' पोर्टल पर पंजीयन किया जायेगा। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियो के समूह बनाएँ जाकर स्कूल परिसर एवं आस-पास के बाग बगीचों इत्यादि में उपलब्ध पेड़-पौधों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार की जायेगी। विद्यार्थी सूची अनुसार पेड़-पौधों से संबंधित जानकारी एकत्रित कर डिजिटल डेटाबेस भी तैयार करेंगे। इसके आधार पर प्रत्येक पेड़-पौधों के लिए स्थिर (स्टेटिक) क्यूआर कोड बनायेंगे। क्यूआर कोड वाले लेबल को विद्यार्थियों द्वारा संबंधित पेंड़ पौधों के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा, जिससे अन्य विद्यार्थी एवं जन सामान्य भी उस पेड़ पौधे से संबंधित जानकारी सहजता से प्राप्त कर सकेंगे। क्यूआर कोड में उस पे? पौधे से संबंधित जानकारी यथा पेड़ (फ्लोरा) का नाम एवं स्थानीय नाम, पेड़ का वैज्ञानिक नाम, पेड़ का प्रकार, फलदार / औषधि / सजावट / अन्य, वनस्पति के बारे में जानकारी जैसे पोषण मूल्य, लाभ, उपयोग आदि भी उपलब्ध होगी।

मंत्री राजपूत ने किया 815.64 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

भोपाल/नवप्रदेश। खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने शुक्रवार को गुना जिले के शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण/ शहरी सशक्तिकरण और जनकल्याण को साकार करने 815.64 लाख लागत के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ हुआ। मंत्री श्री राजपूत ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत आंगनवाडी भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पंचायत भवन ग्राम पंचायत झुकरा, सामुदायिक शौचालय, स्टॉपडेम निर्माण ग्राम पंचायत नारायणपुरा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत नल जल योजना तथा पोस्टल सब ऑफिस कुंभराज सहित कुल 26 कार्यो के लागत राशि 815.64 लाख के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास /लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री श्री राजपूत द्वारा 5 दिव्यांगों को ट्राइसाईकिल एवं व्हीलचेयर भी वितरित की गयी। इस अवसर पर विधायक चाचौड़ा श्रीमति प्रियंका पेंची अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ परामर्श के लिए टेली-मेडिसिन सेवा वरदान: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा में टेली मेडिसिन सेवा का किया शुभारंभ

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टेली-मेडिसिन सेवा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेवाओं के प्रदाय का सशक्त माध्यम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में टेली-मेडिसिन सेवा का शुभारंभ किया। इस सेवा से रीवा और सीधी जिलों के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को वरिष्ठ विशेषज्ञों का परामर्श प्राप्त होगा।

इस सेवा के तहत अब संजय गांधी अस्पताल, रीवा के मेडिसिन, शिशु रोग (पेडियाट्रिक्स) तथा स्त्री रोग (गायनी) विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक, दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों को फोन या अन्य संचार माध्यमों से जरूरी परामर्श देंगे। इससे उन मरीजों को तुरंत लाभ मिलेगा जिन्हें विशेषज्ञ सलाह की आवश्यकता होती है। अब ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ सेवाओं के लिए ज़िला मुख्यालय आने की आवश्यकता विशेष परिस्थितियों में ही पड़ेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सेवा न सिर्फ मरीजों की यात्रा की आवश्यकता को कम करेगी, बल्कि समय, धन और संसाधनों की भी बचत करेगी। साथ ही, इससे प्राथमिक स्तर पर कार्यरत चिकित्सकों को विशेषज्ञों की मदद से त्वरित एवं सटीक निर्णय लेने में सुविधा होगी। इससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान व इलाज की गुणवत्ता में सुधार होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि टेली-मेडीसिन सेवा का प्रभावी उपयोग ÷सशक्त व स्वस्थ मध्यप्रदेश÷ के विजन को धरातल पर उतारने में सहयोगी होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने टेली-मेडिसिन कक्ष की व्यस्थाओं का अवलोकन किया एवं विधिवत संचालन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वे अगले सप्ताह प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे। डीन मेडिकल कॉलेज रीवा डॉ. सुनील अग्रवाल सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव से विंध्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के खुले हैं द्वार: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से आचार्य श्री बालकृष्ण ने की सौजन्य भेंट

पतंजलि संस्थान द्वारा विंध्य क्षेत्र में किए जा रहे निवेश एवं औद्योगिक परियोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हाल ही में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव, रीवा के माध्यम से विंध्य क्षेत्र में निवेश के अपार अवसर खुले हैं। जो विंध्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। पतंजलि समूह जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी से इस क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति की मजबूत आधारशिला रखी जा सकती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से अमहिया, रीवा स्थित निज निवास पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक सचिव आचार्य श्री बालकृष्ण ने सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर पतंजलि संस्थान द्वारा विंध्य क्षेत्र में किए जा रहे निवेश एवं संभावित औद्योगिक परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। क्षेत्रीय विकास, स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग तथा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता, प्राकृतिक संसाधनों और जनभागीदारी के माध्यम से आत्मनिर्भर विंध्य के निर्माण की दिशा में सार्थक चर्चा हुई।

डिंडोरी जिले के जनजातीय गाँव उफरी के हर घर पहुंचा नल से जल

भोपाल/नवप्रदेश। डिंडोरी जिले के करंजिया ब्लॉक का उफरी गांव, जहां कभी जल संकट विकराल रूप ले लेता था, अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा से आत्मनिर्भर हो चुका है। यह वही गांव है, जहां पानी की एक-एक बूंद के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जहां महिलाओं और बच्चों का बड़ा हिस्सा अपने दिन का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था करने में ही गंवा देता था। अब यह सब बीते समय की बात हो गई है।

गांव के बुजुर्ग श्री गंगाराम बैगा बताते हैं, ÷गर्मियों में पानी की इतनी दिक्कत थी कि कई बार हमें रात में भी पानी भरने जाना पड़ता था। कई बार तो ऐसा हुआ कि झिरियों से गंदा पानी पीने के कारण गांव के कई लोग बीमार पड़ गए। हमें कभी उम्मीद नहीं थी कि हमारे गांव में भी नल से पानी मिलेगा। अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। यह हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।÷

पीएम जनमन योजना बनी संजीवनी

जल संकट से जूझ रहे इस गांव में पीएम जनमन योजना के साथ जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा यहां एक बड़ी पेयजल टंकी का निर्माण कराया गया, जिससे पाइपलाइन के माध्यम से हर घर तक पानी पहुंचाया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, ताकि उन्हें जल संकट से मुक्ति मिल सके।

गांव की महिला श्रीमती सुकली बाई कहती हैं, ÷पहले हमें रोज सुबह जल्दी उठकर पानी के लिए निकलना पड़ता था। कई बार रात में भी पानी भरना पड़ता था, क्योंकि सुबह भीड़ अधिक होती थी। हमारी पूरी दिनचर्या पानी पर निर्भर थी, खेती-किसानी और बच्चों की देखभाल भी पीछे छूट जाती थी। अब हमें यह चिंता नहीं रहती, अब समय बचता है और हम अन्य कामों पर ध्यान दे सकते हैं।÷

नल से जल, 110 परिवारों के जीवन में बदलाव

लगभग 530 जनसंख्या वाले उफरी गांव में जल जीवन मिशन के तहत 110 परिवारों को घर-घर नल कनेक्शन दिए गए। अब ग्रामीणों को पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध है, जिससे कई समस्याएं हल हो गई हैं। सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि अब बीमारियों का खतरा कम हो गया है। पहले दूषित पानी पीने के कारण गांव में डायरिया, पीलिया जैसी बीमारियां आम थीं, लेकिन अब स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे मामलों में काफी कमी आई है।गांव के बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि उनके जीवन को सरल और सुखद बनाने वाली क्रांतिकारी पहल है। ग्रामीणों ने इस बदलाव को हृदय से स्वीकार किया है और प्रधानमंत्री जनमन योजना को विकास का वह स्रोत माना है, जिसने उफरी को नई पहचान दी है। पानी की हर बूंद के साथ अब यहां विकास की नई लहर बह रही है। अब गांव में महिलाएं पानी भरने की चिंता से मुक्त होकर अपने घर-परिवार और आजीविका पर ध्यान दे सकती हैं। बच्चे बिना किसी रुकावट के स्कूल जा रहे हैं, और सबसे बड़ी राहत यह है कि गंदे पानी से होने वाली बीमारियों का डर अब नहीं सताता। गांव के कई परिवार अब आजीविका के नए साधनों की ओर बढ़ रहे हैं।

तालाबों का संरक्षण और गहरीकरण भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक : खाद्य मंत्री राजपूत

खाद्य मंत्री ने गुना जिले के ग्राम सागर में तालाब गहरीकरण में की सहभागिता

भोपाल/नवप्रदेश। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुना जिले के ग्राम सागर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब गहरीकरण में सहभागिता कर श्रमदान किया।

मंत्री श्री राजपूत ने पूजा कर गेती-फावड़ा लेकर स्वयं श्रमदान करते हुए तालाब गहरीकरण की शुरुआत की और जल संरक्षण की इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाई। मंत्री श्री राजपूत और विधायक श्रीमती प्रियंका पेंची ने ग्रामीणों से संवाद कर जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयास नहीं बल्कि जन-सहभागिता से जुड़ा एक संकल्प है। तालाबों का संरक्षण और गहरीकरण हमारे भविष्य की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से इस अभियान को जनांदोलन के रूप में अपनाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरविंद धाकड़, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

प्रदेश में जन सहभागिता से चल रहा है जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश में 30 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संरक्षण पर 7 प्रमुख बिन्दु तय किये थे। इन बिन्दुओं में जल संरक्षण से जुड़ी व्यापक योजना तैयार करना, वर्षा जल संचयन प्रणाली को बड़ावा देना, जल प्रदूषण नियंत्रण और जल शुद्धिकरण, समुदाय की भागीदरी सुनिश्चित करना, तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाना प्रमुख थे। अभियान में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में इन बिन्दुओं को केन्द्रित करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रत्येक जिले में जन भागीदारी से संचालन किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर जन अभियान परिषद छात्र-छात्राओं के सहयोग से जल का महत्व समझाने के लिये दीवार लेखन करा रही है। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कार्यक्रम में बीएस डब्ल्यू-एमएसडब्ल्यु के छात्र-छात्राओं के द्वारा सेक्टर क्रमांक 02 विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला एवं जुन्नारदेव दमामी, शिव नगरी मंदिर परिसर में अंतर्गत जल है तो कल है, जल ही जीवन है, हम सबने ठाना है, पानी को बचाना है सहित विभिन्न प्रकार के नारों का दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों जनों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा हैं। ग्राम पंचायत मरकाढ़ाना के तवानगर में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्थान ने तवा नदी के उद्गम स्थल में सामूहिक रूप से श्रमदान किया तथा तय किया गया है कि परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में यहां निरंतर सामूहिक सहभागिता से जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य किया जायेगा। सीधी जिले में सभी 25 सेक्टर्स में निरंतर जन सहभागिता से जल संरक्षण एवं जन जागरूकता के लिये अनेकों प्रकार के कार्यक्रम संपन्न किये जा रहे हैं। कुसमी विकासखंड में स्थित बरी नदी पर डैम की साफ-सफाई एवं पानी को रोकने के लिये श्रमदान किया गया। यह कार्य निरंतर 30 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसमें प्रस्फुटन समितियां, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्रा, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जन सहभागिता से कार्यक्रम संपन्न करेंगे। सिंगरौली जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल है तो कल की भावना को ध्यान में रखते हुए 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जल संरचनाओं की साफ सफाई कराये जाने के साथ ही उनका जीर्णोद्धार, नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। चितरंगी मुख्यालय के सीएम राइज विद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने 9 ग्रुपों में प्रतिभागी रहे। विद्यालय के छात्रो ने आकर्षक चित्रकारी कर आम लोगो का संरक्षण का संदेश दिया। कटनी जिले में पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्य किए जा रहे है। तालाब की सीढ़ियों पर पड़े कचरे को भी साफ किया गया। जल स्त्रोतों के पास मानव श्रृंखला बनाकर जल के महत्व का संदेश दिया गया। जिले में पौध-रोपण के लिये अभी से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिले में सार्वजनिक स्थानों की दीवारों पर जल के महत्व पर केन्द्रित संदेश लिखे जा रहे हैं।

सुविचार

गलत बातों का विरोध समय रहते करना चाहिए, वरना युद्धिष्ठर की तरह सहते रहने से महाभारत होना तय है। - अज्ञात

बंगाल में राष्ट्रपति शासन के हालात

वक्फ बिल के विरोध में वैसे तो देशभर में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। लेकिन बंगाल में तो वक्फ बिल के खिलाफ हिंसा का तांडव हो रहा है। वैसे भी बंगाल का रक्त चरित्र सर्व विदित है। वहां चुनाव के पूर्व, चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी हिंसा का नंगा नाच होता ही रहा है। धार्मिक आयोजनों के दौरान भी वहां हिंसक घटनाएं आम बात हैं। ऐसे में वक्फ बिल के खिलाफ बंगाल में हिंसा भड़कना ताज्जुब की बात कत्तई नहीं है। हैरत की बात तो यह है कि हिंसा की आशंका के बावजूद बंगाल सरकार ने पहले ही ऐहतियाती कदम क्यों नहीं उठाये। जाहिर है, बंगाल में हिंसा रूक सकती थी। बशर्ते बंगाल सरकार ने वक्फ बिल के खिलाफ हो रहे। विरोध प्रदर्शन को हिंसक होने से रोकने के लिए कड़े कदम उठाए होते। निश्चित रूप से बंगाल में हुई हिंसा और हिंसा प्रभावित लोगों का बड़ी संख्या में वहां से पलायन राज्य सरकार की नाकामी का दुष्परिणाम है। बंगाल में कानून और व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब हो रही है। जिसके चलते वहां राष्ट्रपति शासन लगने के हालात बन रहे हैं। भाजपा नेताओं ने तो बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग भी उठानी शुरू कर दी है। किन्तु पता नहीं क्यों केन्द्र सरकार बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने से हिचकिचा रही है। बंगाल में हुई हिंसा के बाद वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करके अपने कर्त्वय की इतिश्री कर ली है। इस पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ी टिप्पणी करते हुए ममता सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक बयान में कहा है कि बंगाल जल रहा है और वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुप बैठी हैं। यही नहीं बल्कि वे दंगाइयों को शांति दूत बता रही हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दंगाइयों के इलाज डंडा ही है, ये लातों के भूत बातों से नहीं मामने वाले हैं।

योगी आदित्यनाथ की इस कड़ी टिप्पणी पर तिखी प्रतिक्रिया देते हुए ममता बनर्जी ने कहा है कि योगी जी अपना उत्तर प्रदेश देखे, जहां महाकुंभ के दौरान कई लोग मारे गये थे और पुलिस एनकाउंटर के नाम पर लोगों को मारा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अन्य समुदाय के लोगों के धार्मिक आयोजनों पर रोक लगाई जा रही है। जबकि बंगाल में आपसी भाईचारा है और सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। इन दोनों नेताओं के बीच चली जुबानी जंग से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। इस मामले में अब केन्द्र सरकार को दखल देना चाहिए। यदि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं करती हैं और बंगाल में लगातार बिगड़ती कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार करने में विफल रहती हैं तो केन्द्र सरकार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। गौरतलब है कि बंगाल में हुई हिंसा पर रोक लगाने में बंगाल पुलिस विफल रही है। नतीजन हाईकोर्ट के वहां केन्द्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। इसके बाद ही हिंसा पर काबू पाया जा सका है। किन्तु यह स्थिति कब तक नियंत्रण में रहेगी। इस बारे मे कुछ भी कह पाना मुश्किल है। क्योंकि अभी वक्फ बिल पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। यदि सुप्रीम कोर्ट से सरकार के ही पक्ष में फैसला आया तो बंगाल में फिर स हिंसा भड़कने की संभावना को नाकारा नहीं जा सकता। इसके पहले की पानी सर से ऊंचा उठे केन्द्र सरकार को कठोर रूख अख्तियार करने से नहीं हिचकना चाहिए।

स्टेटस सिंबल बन गई नेताओं की सुरक्षा

हमारे देश में भले ही आम जनता असुरक्षा के माहौल में रहे और बेमौत मरती रहे लेकिन छोटे बड़े तमाम नेताओं को सुरक्षा चाहिए ही। दरअसल, सरकारी सुरक्षा नेताओं के लिए स्टेटस सिंबल बन चुकी है। एक कहावत है न कि जितना बड़ा जूता होता है, उतनी ही ज्यादा पालिश लगती है। उसी तरह जितना बड़ा नेता होता है उसे उतनी ही बड़ी सुरक्षा की जरूरत पड़ती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मांग की है कि उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पहले की तरह ही जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की जाये। सपाईयों का तर्क है कि समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव लोकसभा में तीसरे सबसे बड़े राजनीतिक दल के नेता हैं और उनकी जान को भी खतरा है। क्योंकि उन्हें राष्ट्रीय नेता होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों में जाना पड़ता है और इधर एक व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है इसलिए उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी जानी चाहिए। इस बारे में समाजवादी पार्टी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजा है। गौरतलब है कि जेड प्लस सुरक्षा देश की दूसरी सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, जो केन्द्रीय मंत्रियों के अलावा सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ही दी जाती है। विशेष परिस्थिति में ही अन्य नेताओं को भी यह सुरक्षा दी जाती है। लेकिन यह गृह मंत्रालय के विवेक पर निर्भर है कि वह किस नेता की सुरक्षा बढ़ाये या किसकी सुरक्षा घटाये। बहरहाल, देखना होगा कि समाजवादी पार्टी की इस मांग को केन्द्रीय गृह मंत्रालय कितनी गंभीरता से लेता है और अखिलेश यादव की सुरक्षा बढ़ाने के मुद्दे पर क्या फैसला लेता है।

वक्फ कानून पर विपक्ष की तुष्टीकरण की राजनीति

नीरज मनजीत

मजहबी उपद्रवियों पर थोड़ी सी सख्ती दिखाने पर विक्टिम कार्ड खेलकर हल्ला मचाने वाला विपक्ष मुर्शिदाबाद की हिंसा और पलायन पर बिल्कुल मौन धारण किए हुए है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हमलों को लेकर भी हमारे विपक्ष और इस निर्लज्ज इकोसिस्टम के मुख से बोल नहीं फूटे थे। मुर्शिदाबाद की वारदात के पीछे बांग्लादेश के एक आतंकी संगठन का हाथ होने के सबूत मिल रहे हैं। 2021 में भी विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में ऐसी ही हिंसक घटनाएं हुई थीं। उस वक्त भी बहुसंख्यक समुदाय के निरीह लोगों पर ऐसे ही गुंडों का कहर टूटा था। उस वक्त भी ममता सरकार और विपक्ष चुप्पी साधे उपद्रवियों के साथ खड़े प्रतीत हो रहे थे।

संसद में वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद अब विपक्षी पार्टियों के बीच मुस्लिम वोट बैंक का चैंपियन बनने की होड़ मची हुई है। देश, संविधान, न्याय, समानता, सेक्युलरिज्म, बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं, उनकी सुरक्षा की फिक्र किसी भी विपक्षी पार्टी के अंदर दिखाई नहीं पड़ती। सभी एक सुर में नए वक्फ कानून की खिलाफत करने में लगे हैं। इस खिलाफत के पीछे एक ही मंशा है कि मुसलमानों के एकमुश्त वोट उन्हें मिल जाएं। मुसलमानों के रहनुमा कहलाने वाले कुछ मजहबी नेता विपक्ष की इस कमजोरी को अच्छी तरह समझते हैं, इसलिए वे वक्फ कानून का विरोध करने के नाम पर आग लगाने वाले बयान देने में कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं। उन्हें अच्छी तरह पता है कि उनकी तमाम कारस्तानियों पर पर्दा डालने वाला, जस्टिफाई करने वाला इकोसिस्टम मौजूद है।

पिछले साल अगस्त माह में केन्द्रीय विधि मंत्री किरण रिजूजू ने संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किया था। चर्चा के बाद इस बिल को 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया था, जिसके अध्यक्ष जगदंबिका पाल थे। 34 बैठकों और व्यापक विचार-विमर्श के बाद जेपीसी ने इस बिल में 14 प्रमुख बदलावों का प्रस्ताव दिया था।

अंतिम बैठक में जेपीसी ने 11 के मुकाबले 16 के बहुमत से इस बिल को पास करके संसद में भेज दिया था, जहां 16 घंटे की लंबी बहस के बाद इसे बहुमत से पारित कर दिया गया है। उस पर अब राष्ट्रपति की सहमति की मुहर भी लग चुकी है। वक्फ बिल एक कानून बन चुका है। मतलब यह कि सारी संवैधानिक प्रक्रियाओं से गुजरकर यह बिल कानून बना है। इसके बावजूद हमारा संविधान इजाजत देता है कि हम इस बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। हमारे बहुत से मजहबी नेता सुप्रीम कोर्ट गए भी हैं और उन्होंने लगभग 70 याचिकाएं दायर की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए इनमें से पांच याचिकाएं

चुनी हैं। सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए वक्फ अधिनियम 2025 पर रोक लगाने से इंकार किया है। मगर एक अंतरिम आदेश जारी करके अगले 7 दिनों तक यथास्थिति कायम रखने के लिए कहा है और सभी पक्षों को एफीडेविट के जरिए जवाब देने के लिए कहा है।

कोर्ट ने अधिनियम के दो-एक प्रावधानों को लेकर केन्द्र सरकार से भी जवाब मांगा है। वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्य को शामिल करने के प्रावधान पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। इस पर केन्द्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और चीफ जस्टिस के बीच गरमागरम बहस भी हुई है। मेहता का तर्क था कि 22 सदस्यीय बोर्ड में सिर्फ 2 जज गैर मुस्लिम होंगे। मेहता ने कोर्ट से यह भी आग्रह किया कि जब तक सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, केन्द्र सरकार का पक्ष रख लिया नहीं जाता, तब तक कोई आदेश पारित न किया जाए। कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में हो रही हिंसक घटनाओं पर भी चिंता जाहिर की है। हालांकि कोर्ट को इन घटनाओं को लेकर ज्यादा कड़ी टिप्पणी करनी चाहिए थी क्योंकि मुर्शिदाबाद में जो कुछ हुआ है, उसे साधारण वाकया नहीं बताया जा सकता। इन सारे फैसलों से ऊपरी तौर पर तो ऐसा लगता है कि कोर्ट ने संतुलन बनाते हुए अपनी राय दी है। मगर इससे प्रबुद्धजनों में एक नई बहस भी छिड़ सकती है कि संसद के दोनों सदनों और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कोर्ट का यह फैसला कितना जायज है? अगर कोर्ट अगली सुनवाई के बाद पुनः हस्तक्षेप करता है तो क्या इससे विधायिका और न्यायपालिका के बीच टकराव तो नहीं हो जाएगा?।

स्पष्ट है कि भाजपा सरकार ने इस कानून को धरातल पर उतारने में पूरी तरह से संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं और परंपराओं का पालन किया है। फिलहाल सबसे ऊंची अदालत में सुनवाई भी जारी है। तब संविधान, न्याय, समानता और संसद से ऊपर उठकर हमारे कुछ नेता और मौलाना भीड़तंत्र अराजकता और हिंसक प्रदर्शनों के जरिए एक बड़े अवाम को सड़कों पर उतारकर देश को ठप्प क्यों करना चाहते हैं? ये तमाम लोग सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले का इंतज़ार क्यों नहीं करते?।

इसका साफ़ मतलब है कि हमारी विपक्षी पार्टियां संविधान की मूल भावनाओं, संसदीय लोकतंत्र, न्यायपालिका, सेक्युलरिज्म और बुद्ध गांधी के अहिंसक विचारों को लगभग तिलांजलि देकर भीड़तंत्र, हिंसा और अराजकता के जरिए अपनी राजनीति आगे बढ़ाना चाहते हैं। विपक्ष का अंध-पक्षधर और मोदी तथा भाजपा का अंध-विरोधी इकोसिस्टम इस भड़कती आग में घी डालने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहा है। ये वही इकोसिस्टम है, जो हर जायज़-नाजायज़ क़ीमत पर, देश विरोधी तत्वों के साथ खड़े होकर मोदी और भाजपा को सत्ता से बेदख़ल करना चाहता है।

उसे भूलना नहीं चाहिए कि देश के बहुसंख्यक समुदाय ने अपने वोट देकर मोदी और भाजपा को सत्ता में बैठाया है। इस इकोसिस्टम के तथाकथित 'उदारवादी' लोगों ने देश के बहुसंख्यक समुदाय के भयानक उत्पीड़न की कीमत पर 'छद्म सेक्युलरिज्म' को स्थापित किया है। अब जब इस स्यूडो सेक्युलरिज्म की जंजीरें टूट रही हैं, तो यह इकोसिस्टम अराजकता और हिंसा को बढ़ावा देकर केन्द्र सरकार को अस्थिर करने पर उतारू है। ये इकोसिस्टम जिस निर्लज्जता से बहुसंख्यक समुदाय के भयावह उत्पीड़न पर पर्दा डालता है अथवा उसे जिस बेशर्मी से जस्टिफाई करता है, उसे देखकर अफसोस के साथ-साथ अचरज भी होता है कि हमारे समाज में ऐसे लोग पुरस्कृत प्रतिष्ठित सम्मानित हो रहे हैं।

इकोसिस्टम की निर्लज्जता की बिल्कुल ताज़ा मिसाल मुर्शिदाबाद की हिंसक घटनाओं पर उनकी संवेदनहीन ख़ामोशी है। वहां से दो सौ से ज़्यादा हिन्दू परिवार पलायन करके दूसरे जिलों में चले गए हैं। उनके घरों को जलाया गया, उन्हें मारा पीटा गया, उनकी औरतों से दुर्व्यवहार किया गया है। यह सब उस बंगाल में हुआ है, जहां के नागरिक संवेदनशील प्रबुद्धजन हैं। ममता सरकार और उसके मंत्री इस मर्मान्तक घटना को छोटा-मोटा वाकया बताकर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने पीड़ितों के जख़्मों पर मरहम लगाना तो दूर, उल्टे इस भयानक घटना में भी राजनीति ढूंढकर बीएसएफ पर इल्जाम थोप दिया कि बीएसएफ के लोगों ने बांग्लादेश के आतंकियों को मुर्शिदाबाद बुलाकर यह वारदात करवाई है। इससे अधिक असत्य और निर्लज्ज बयान कोई हो नहीं सकता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1451 में आज ही के दिन बहलोल लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया था।1770 में आज ही के दिन कैप्टन जेम्स कुक ऑस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने थे। 1775 में 19 अप्रैल को ही अमेरिकी क्रांति की शुरुआत हुई थी। 1919 में आज ही के दिन अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई थी। 1936 में 19 अप्रैल को फिलिस्तीन में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए थे। 1950 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले पहले मिनिस्टर बने थे। 1968 में आज ही के दिन हिंदी एक्टर अरशद वारसी का जन्म हुआ था। 1971 में इंडिया ने वेस्टइंडीज को हराकर टेस्ट क्रिकेट सीरीज जीती थी। 1972 में आज ही के दिन बांग्लादेश राष्ट्रमंडल का सदस्य बना। 1975 में आज ही के दिन भारत ने अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च किया था और अंतरिक्ष युग में प्रवेश लिया। यह भारत का पहला वैज्ञानिक उपग्रह था। 2006 में आज ही के दिन प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जाने क्या मिल

जाने क्या मिल जाए अब तो कब मुझे। सुन रहे हैं, ध्यान से अब तो सब मुझे।। हो जाएंगे सब मेरे, बात तय है यह तो। मिल जो गए हो तुम अब तो जब मुझे। जय कृष्ण।

- अलका अग्रवाल

कहते हैं जो दो

कहते है जो दो वही वापिस लौट कर आता है ....इज्जत दो इज्जत मिलेगी ,दुवाएं दो दुवाएं मिलेगी ,दोस्ती में साथ दो वो भी साथ देगा , मद्दत करो जरुरत पर मद्दत मिलेगी .... पर क्या वाकई, वैसे ये काम इस प्रतिउत्तर के साथ नहीं किये जाते पर ये सवाल तो आ ही जाता है जेहन में क्या सच में ऐसा होता है **- नमन कुमार मिश्रा**

खास पाती

सुनो ना कहना चाहती हूं



सुनो ना कहना चाहती हूं कि तुम्हारे बिना ये जीवन मरुस्थल सा लगता है, जिसमें दूर तक बारिश की कोई संभावना नहीं। जहाँ रेत के ज़र्रों में तुम्हारी यादें उड़ती हैं, और हर सरगम में तुम्हारी चुप्पी गूंजती है। ये दिल, किसी प्यासे दरख़्त की तरह बस तुम्हारी एक नमी को तरसता है– तुमसे मिलन की एक बूंद भी अगर गिर जाए, तो ये सूना आकाश फिर से इंद्रधनुषी हो जाए। **- रश्मि अभय**

व्यस्त व्यक्ति कभी दुःखी (डिप्रेशन)

.. व्यस्त व्यक्ति कभी दुःखी (डिप्रेशन)नहीं होता और अस्त-व्यस्त व्यक्ति कभी सुखी(खुश) नहीं होता, व्यस्त होना और अस्त-व्यस्त होना दो अलग बातें हैं एक सार्थक है और एक निरर्थक है ,,, अस्त-व्यस्त लोग अटेंशन सीकर और निरुद्देश्य होते हैं, इनका कोई कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं होता,,, इनको साक्षात ब्रह्मा भी खुश नहीं कर सकते **- तनु देहलवी**

उलटा चोर कोतवाल को डांटे को हम

उलटा चोर कोतवाल को डांटे को हम बचपन में यह समझते थे कि जब चोर को पकड़कर उलटा लटकाते होंगे तो वह कोतवाल को डांटता होगा। पर क्यों ? यह बात अब कुछ-कुछ समझ में आना चाहती है जब लोगों को यह कहते सुना जाता है कि थानेदार चोर से मिला हुआ है । **- अर्पित अनाम**

मत लगाना लत लत कोई भी हो आबाद

मत लगाना लत लत कोई भी हो आबाद नही करती लत शराब की हो तो सोचने समझने की शक्ति छीन लेती है.. लत सिगरेट की हो तो हर साँस के साथ उसकी डिमांड जारी रहती है.. लत ईश्वर की हो तो भी बेचैन रखती है नाम जपने से भी बेचैनी पूरी नही होती लत धर्म की हो तो अहंकार को पुष्ट करती है और अगर लत किसी इंसान की हो तो... कभी पूरी नही होती किसी दूसरे इंसान से.. फिर मन में उठते हैं ढेरों तूफ़ान जो शांत नही होते किसी भी आयोजन से लत मत लगाना दोस्तों लत दुनिया की सबसे बुरी चीज है.. आबाद नही करती... लत की भी लत मत लगाना... **- सीमा राय**

कब का होही नइए भरोसा छिन भर के

कब का होही नइए भरोसा छिन भर के जिनगी ये रट ले टूटथे सबले पहिली जस डारा के फुनगी ये कतकों साज-सँवागा कर ले तैं, ए माटी के पुतरी के फेर भरभर ले उजरिच जाही ए करजा के खनगी ये **- सुशील भोले,**

कुछ लोगों ने बीड़ी समझा और एक कश

कुछ लोगों ने बीड़ी समझा और एक कश में पी ली कुछ ने देशी शराब का पव्वा समझा और एक घूँट में गटक ली कुछ सयानों ने विलायती शराब समझी और महफ़िल सजाके घूँट -घूँट पी ली कुछ ने शहद समझ लिया उँगली से चाटकर हज़्म कर ली कुछ को नीम की कच्ची निंबोली लगी दाँत के नीचे आते ही थूक दी हमें तो माँ ,बहन ,बेटी और पत्नी का दिनभर सुलगता चूल्हा लगी जिस पर चढ़कर कभी चाय बनकर उबलते रहे तो कभी गलते रहे दाल की तरह एक पतीली में तो कभी रोटी बनकर सिकते रहे ऐ जिंदगी! **- रामकिशोर उपाध्याय**

प्रेरक प्रसंग

सफलता का रहस्य

एक बार एक नौजवान लड़के ने बुजुर्ग से पूछा कि सफलता का रहस्य क्या है?

बुजुर्ग ने उस लड़के से कहा कि तुम कल मुझे नदी के किनारे मिलो। वो मिले, फिर बुजुर्ग ने नौजवान से उसके साथ नदी की तरफ बढ़ने को कहा और जब आगे बढ़ते-बढ़ते पानी गले तक पहुंच गया, तभी अचानक बुजुर्ग ने उस लड़के का सर पकड़ के पानी में डुबो दिया। लड़का बाहर निकलने के लिए संघर्ष करने लगा, लेकिन बुजुर्ग ताकतवर था और उसे तब तक डुबोये रखा जब तक की वो नीला नहीं पड़ने लगा, फिर बुजुर्ग ने उसका सर पानी से बाहर निकाल दिया और बाहर निकलते ही जो चीज उस लड़के ने सबसे पहले की वो थी हाँफते- हाँफते तेजी से सांस लेना। बुजुर्ग ने पूछा- "जब तुम वहाँ थे तो तुम सबसे ज्यादा क्या चाहते थे?" लड़के ने उत्तर दिया- "सांस लेना" बुजुर्ग ने कहा- "यही सफलता का रहस्य है, जब तुम सफलता को उतनी ही बुरी तरह से चाहोगे जितना की तुम सांस लेना चाहते थे तो वो तुम्हें मिल जाएगी" इसके आलावा और कोई रहस्य नहीं है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) सूचना की सार्वभौमिक पहुँच के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

2) संवादिनी का संबंध किस आंदोलन से है?

3) कौन नालंदा कॉलेज बुद्धिस्ट स्टडीज, कनाडा के संस्थापक हैं?

4) भारत और अमेरिका के बीच मुक्ताकाश समझौता किस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ था?

5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेनेमास्पिस वांगोघी किस प्रजाति से संबंधित है?

उत्तरमाला- (1) 28 सितम्बर (2) दलित नारीवादी साहित्यिक आंदोलन (3) सुवाण्डा एच. जे. सुगुनासिरी (4) 2005 (5) छिपकली

आज का पंचांग

बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:50 से 12:42, अमृत काल : 27:25 से 29:09, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:18, गोधूलि मुहूर्त : 18:45 से 19:07,सायाह्न सन्ध्या : 18:46 से 19:52, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:38, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:31 से 17:09, दुर्मुहूर्त : 08:23 से 09:15, होमाहुति : मंगल (08:21 से गुरु), दिशा शूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : पूर्व (08:21 तक), अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्र वास : उत्तर (पूर्व 08:21 से), शिववास : नन्दी पर (17:07 से भोजन में)।

सूर्योदय : 06:05, सूर्यास्त : 06:48, चन्द्रोदय : 23:52, चन्द्रास्त : 08:52, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी),मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : पूर्वा साढ़ा, योग : शिव, प्रथम करण : तैतिल (17:07 तक), द्वितीय करण : गर (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : धनु (08:20 से),मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी),

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन के पूर्वार्ध में आप दुविधा में फंसे रहेंगे। किसी भी कार्य में स्थिति स्पष्ट ना होने के कारण कार्य रुके रह सकते है केवल मन ही मन कार्यो की रूपरेखा बनाएंगे।

वृषः आज दिन के पहले भाग में सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे। स्वास्थ्य उत्तम् रहेगा।सामाजिक क्षेत्र से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

मिथुनः आपका आज का दिन भाग्योदय कारक रहेगा। घर एवं बाहर आशा से अधिक सहयोगी वातावरण मिलने से लगभग सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे।

कर्कः आपका आज का दिन मिला-जुला रहेगा। भावुकता अधिक रहने के कारण छोटी-छोटी बातों को दिल पर लेंगे।

सिंहः आज के दिन सभी कार्यो को आप जी जान से करेंगे परन्तु फिर भी सफलता मिलने में संदेह रहेगा। सरकारी कार्य भी नियमो की पूर्ति ना होने के कारण अधूरे रहेंगे।

कन्याः आपको आज के दिन भी थोड़ा सावधानी बरतने की सलाह है चंद्र आपकी राशि से चौथे होने पर किसी गलती के कारण मन में संताप रहेगा।

तुलाः आपका आज का दिन लाभदायक रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर आसानी से विजय पा लेंगे।

वृश्चिकः आपका आज का दिन सामान्य से अधिक शुभ फल देने वाला रहेगा।

धनुः आज के दिन अधिकांश समय आपमें चंचलता अधिक रहेगी। मित्र मण्डली के साथ पर्यटन के अवसर मिलेंगे।

मकरः आज दिन के पूर्वार्ध में परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी। पूर्व निर्धारित कार्य में विलम्ब होने से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

कुंभः आज का दिन आपको आशा से अधिक एवं एक दम विपरीत फल देगा। विशेष कर आज अपनी सोच में निराशा को जगह ना दें।

मीनः आज भी दिन आपके अनुकूल रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रामाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 021 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्जा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन दंतेवाड़ा की मासिक बैठक आयोजित

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन जिला दंतेवाड़ा की बैठक काफी हाउस दंतेवाड़ा में आयोजित की गई। उपरोक्त बैठक में संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष नफीस कुरैशी,प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला) लक्ष्मी यादव की उपस्थिति रही,सर्व प्रथम जिला अध्यक्ष लोकेश कुंजाम ने बैठक में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं उसके बाद पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिले भर के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में संगठन के विस्तार सहित जनता की समस्याओं को उचित तरीके से उठाकर समाधान करवाना पर्यावरण संरक्षण,पशुओं की रक्षा एवं आम जन मानस को प्रदूषण से निजाद दिलाने हेतु संकल्प लिया गया। साथ ही संगठन के सदस्यों को उनका आईडी कार्ड भी वितरण किया गया बैठक में जिले से जिला अध्यक्ष लोकेश कुंजाम, जिलाअध्यक्ष महिला संजुक्ता देवांगन,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला अनुसुइया भोपले,कार्यकारी महिला अध्यक्ष पुष्पा वर्मा,जिला उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह, जिला महिला उपाध्यक्ष मीना केसरवानी,जिला कोषाध्यक्ष दिलीप सोनी,जिला सह सचिव आफ्ताब आलम,जिला मीडिया प्रभारी बी रामू की उपस्थिति रही।

सुशासन तिहार में मिला जीवन साहू को स्ट्रीट लाईट की सुविधा

अब स्ट्रीट लाईट की प्रकाश से बच्चे आंगन में बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याण और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की यह अभिनव पहल नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान किया जा रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी समीक्षा और जिला प्रशासन तथा जनता के बीच सशक्त संवाद भी साकार हो रहा है।

इसी कड़ी में नारायणपुर के वार्ड क्रमांक 10 मुरियापारा निवाषी जीवन साहू के द्वारा सुशासन तिहार में स्ट्रीट लाईट के लिए आवेदन किया गया। जीवन साहू ने बताया कि नगर पालिका द्वारा मुनादी के माध्यम से मुझे ज्ञात हुआ कि राज्य सरकार द्वारा 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोग अपनी समस्या का निदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। जानकारी मिलते ही मैंने भी 09 अप्रैल को समाधान पेटी में आवेदन जमा किया। मेरे घर के बाहर लगे स्ट्रीट लाईट जो कुछ दिनों से ख़राब हो गया था। उसे नगर पालिका क्षेत्र में जाकर सुसाशन तिहार के अंतर्गत आवेदन जमा किया, जिसके तहत नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा तवरित कार्यवाही करते हुए 09 अप्रैल को ही मेरे घर के सामने स्ट्रीट लाईट को रिपेयर किया गया। जिससे मेरी समस्या का निदान हो गया, अब स्ट्रीट लाईट की प्रकाश से मेरे बच्चे आंगन में बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। मैं राजमिस्त्री का कार्य करता हूं मेरे परिवार में चार सदस्य है, राजमिस्त्री के कार्य से ही जीवन यापन व्यतित कर रहा हूं। सुशासन तिहार में मैं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने के लिए आवेदन भी किया हूं। नगरपालिका अधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई है कि प्रधानमंत्री आवास भी शीघ्र स्वीकृत किए जाने की आश्वासन दिया गया है। इसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं साथ ही नगर पालिका के अधिकारी और उनके कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूं।

न्यूज गैलरी

असम को 4-0 से हराकर साई ने की अच्छी शुरुआत

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चौंपियनशिप 2025 का द्वितीय चरण असम और साई (स्पोर्ट्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया) के मध्य खेले गए मैच से प्रारंभ हुई। जिसमें साई ने असम को 4-0 से मात दी।मैच के 38वे मिनट में साई के ओर से राजकुमार ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाया। द्वितीय हाफ में 68वे मिनट पर ओइनाम रोमियो सिंह, 81वे मिनट पर ब्लेस वशुम और 85वे मिनट पर रॉबर्ट थोकचम ने एक एक गोल कर टीम का जीत सुनिश्चित किया। ब्लेस वशुम को प्लयेर ऑफ द मैच घोषित किया गया।आपको बता दें कि स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चौंपियनशिप 2025 का शुभारंभ 10 अप्रैल को 7 टीमो को लेकर हुई जिसमें से दिल्ली टीम प्रथम क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। द्वितीय चरण में ग्रुप-जी और ग्रुप-एच का जो 8 टीमें खेलेगी वह है - ग्रुप-जी मे असम, साई, ओडिशा और गोआ है। ग्रुप-एच में पश्चिम बंगाल, हरियाणा, मध्यप्रदेश और नागालैंड।

सखी वन स्टॉप सेंटर के लिए विभिन्न पदों पर 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर महासमुंद में नवीन वित्तीय मापदण्ड एवं मानव संसाधन की स्वीकृति के अनुसार सेवा प्रदाताओं की भर्ती की जा रही है। केंद्र का संचालन नवीन मार्गदर्शिका 2022 के तहत किया जाएगा।

सखी वन स्टॉप सेंटर, जो कि महिलाओं से संबंधित सहायता संस्था है, जिसमें दैनिक कार्यों के संचालन के लिए निम्न पदों के लिए केवल महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें साइको-सोशल काउंसलर, केस वर्कर एवं कार्यालय सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के एक-एक पद शामिल है। इच्छुक महिला अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 30 अप्रैल 2025 तक प्रातः 10 बजे से सायं 5. 30 बजे के बीच पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, महासमुंद, पिन कोड 493445 के पते पर प्रेषित कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिले की आधिकारिक वेबसाइट अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की जाती हैं, इसलिए सभी पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर सोनिया-राहुल के खिलाफ भाजपाइयों ने रैली निकालकर कांग्रेस भवन का किया घेराव

कांकेर । भारतीय जनता पार्टी व्दारा आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय कमल सदन अलबेला पारा कांकेर से रैली के रूप मे कांग्रेस पार्टी, सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ आक्रोश रैली निकाल कर उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस भवन कांकेर के सामने नेशनल हेराल्ड घोटाले व भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस व गांधी परिवार के खिलाफ पुतला दहन किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन ने बताया कि सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने कम्पनी बनाई जिसका मकसद कारोबार करना नही था बल्कि इस कम्पनी के व्दारा एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को खरीद कर उसके दो हजार करोड़ रुपए की सम्पत्ति को अपने नाम कर करना चाहते थे । वर्ष 2011 मे कांग्रेस पार्टी ने यंग इंडिया लिमिटेड बना कर हजारों करोड़ रुपए कि राष्ट्रीय सम्पत्ति हड़प कर ली। नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफचार्ज शीट दायर होने पर दोनों मां बेटे व कांग्रेस के अन्य नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा व युवा मोर्चा के द्वारा सभी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के व्दारा आज आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया व कांग्रेस, सोनिया , राहुल गांधी का पुतला दहन किया गगा । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश जैन, विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले, देवेन्द्र भाऊ, शिशुपाल शोरी, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, नगरपालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, सेवा पखवाड़ा संयोजक पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी, महामंत्री गिरधर यादव, प्रकाश चंद निषाद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजा पांडे, भूपेन्द्र नाग, संजु गोपाल साहू, अंशू शुक्ला, सोमन कावड़े, पार्षद मंजु सारथी, चित्ररेखा जैन, सलिम मेमन, बब्बू हितेंद्र खटवानी, नरेंद्र साहू, विरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र गौर, ईश्वर कावड़े, विजय लक्ष्मी कौशिक, जयप्रकाश गेड़ाम, टिकेश्वर सिन्हा, रोशन साहू, संत यादव, राकेश नागवंशी,महावीर सरोज, सावंत नेताम, घनेन्द्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, श्रध्देश चौहान, जतिन अटभैया, विजय मंडावी, आशिष कुमेटी, प्रशांत यादव, अनुप राठौर, करण नेताम, राजेश साहू, अजय मोटवानी, गोलु गुप्ता, साकेत नसीने, कमलेश नेताम, भागवत जैन, हर्षल गजबिए, नितेश सलाम, देवेश साहू, आकाश सोलंकी, अंकुर शुक्ला, ईश्वर नाग, मोन्टी खटवानी, सुनील चौहान, गौरव शास्त्री, शुभम् गुप्ता, सुरज शर्मा, शिवम् जायसवाल, भूपेन्द्र कुंवर, अनिल जोशी, चिनमय लोन्हारे एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे

श्रीराम मानस मंडल के प्रख्यात वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ 23 को व्याख्यान देंगे

कोंडागांव। राष्ट्रभक्ति सांस्कृतिक चेतना और सनातन धर्म के प्रति गौरवबोध को जागृत कराने के उद्देश्य से नगर की श्रीराम मानस मंडल द्वारा 23 अप्रैल को प्रख्यात राष्ट्रवादी विचारक व वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का प्रेरणादायक उद्बोधन आयोजित करने जा रहे है। आयोजकों ने बताया कि, वर्तमान समय के वैश्विक दौर में जब सांस्कतिक भ्रम, वैचारिक भ्रम और इतिहास की विकृतियां युवाओं को भ्रमित कर रही है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि भारतीयता और सनातन मूल्य की पुनर्स्थापना के लिए जन जागरण होना चाहिये इसी उद्देश्य को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इस संबंध श्री राम मानस मंडल के समिति के सदस्यों ने विकास नगर में स्थित शिवमन्दिर प्रांगण में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते बताया कि, यह आयोजन बालक छात्रावास मैदान में 23 अप्रैल की शाम को आयोजित की जाएगी, इसके लिए श्री राम मानस मंडल के समिति द्वारा तैयारी की जा रही है । श्रोताओं के बैठने से लेकर अन्य व्यस्थाओ की समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौपी गई है। जिसमें प्रख्यात राष्ट्रवादी विचारक व वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ लोगों को संबोधित करेंगे। इस दौरान डी,एस साहू, बिनु भाई पटेल ,ओमप्रकाश ठावरी,भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष सुब्रत शाह सहित समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद थे।

क्षमा गजेन्द्र साहू ने जनपद सदस्य पद की जिम्मेदारी संभालते ही दिखाई सक्रियता

नगरी/नवप्रदेश। हाल ही में जनपद पंचायत नगरी क्षेत्र से निर्वाचित जनपद सदस्य क्षमा गजेन्द्र साहू ने पदभार ग्रहण करते ही जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। पद संभालने के कुछ ही दिनों के भीतर उन्होंने ग्राम उमरगांव की एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला नंदनी पटेल, पति टेमन पटेल को तत्काल चिकित्सकीय सहायता दिलाने की पहल की। क्षमा साहू द्वारा न केवल महिला को बिलासपुर सेंदरी स्थित मानसिक चिकित्सालय तक पहुंचाने में सहयोग किया गया, बल्कि उन्होंने1000 की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता भी प्रदान की, जिससे जरूरतमंद परिवार को तत्काल राहत मिली।

पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने अग्निवीर में चयनित 11 युवाओं को किया सम्मानित

कांकेर । भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के द्वारा शुक्रवार को भारतीय सेना में अग्निवीर के लिए चयनित युवाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

अवगत हो कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के द्वारा *ट्रेनिंग ग्रुप कांकेर* के माध्यम से प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 8:30 बजे तक मैदान में निशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके अंतर्गत अभी तक बहुत बच्चों का रक्षा क्षेत्र के लिए चयन हो चुका है । उसी क्रम में कांकेर जिले के 11 युवकों का अग्निवीर में चयन हो चुका है । जिनका सम्मान का कार्यक्रम संगठन के द्वारा रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जन सहयोग समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष श्री अजय पप्पू मोटवानी जी को आमंत्रित किया गया ।

इस अवसर पर सभी चयनित 11 अग्निवीरों को तिलक लगाकर श्रीफल, पुष्पहार और शाल देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय पप्पू मोटवानी जी ने बच्चों को उनके अथक परिश्रम और सफलता के लिए बधाई दी ।तत्पश्चात अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के पदाधिकारी सदस्य एवं ट्रेनिंग कर रहे सभी युवकों के साथ ही मुख्य अतिथि और सदस्यों ने नरहरदेव मैदान से पुराने बस स्टैंड तक एक सम्मान रैली निकाली। इस रैली में भारत माता की जय, वंदे - मातरम और भारतीय सेना की जय पुकार के साथ जोश और जज्बा शहर वासियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बना और जन जागरूकता की ओर एक कदम और आगे बढ़ाया गया।

इस अवसर पर सम्मान समारोह में मुख्य अथिति अजय पप्पू मोटवानी (अध्यक्ष जन सहयोग संस्था कांकेर) तथा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला काँकेर के अध्यक्ष कौशल सिन्हा, संरक्षक अरविंद , सचिव सोमेश यादव,कोषाध्यक्ष अनूप कुमार जैन, संगठन सचिव टी के जैन, व्यास साहू, संयोग साहू, मुकेश जैन, एल के पटेल, रामचन्द्र मंडावी, मिलन राम सिन्हा, उमेश कुमार सिन्हा और अमृत जवरानी सदस्य जन सहयोग संस्था आदि उपस्थित रहे ।

अग्निवीर में चयनित युवकों में प्रकाश सिन्हा (गीतपहर), लोकेश नेताम (हलबा), सुरेश गावड़े (पुतरवाही), हरिशंकर सिंह (करिहा), कुशल कुमार सिन्हा (तेलगुड़ा), तामेश्वर कोसरिया (तेलगुड़ा), विनय कुमार नाग (ईरागांव), गौरव सिन्हा (करिहा), टिकेश नेताम (नरहरपुर) धनी शोरी (नरहरपुर), संदीप जुर्री (नरहरपुर) कल 11 युवक हैं। पहली बार आयोजित होने वाले इस अभिनंदन समारोह की काँकेर शहर में अत्यंत प्रशंसा किया रही है

गंधर्व समाज जिला धमतरी कार्यकारिणी की बैठक ग्राम दुगली बाबा बहाराय में कल

नगरी/नवप्रदेश। गंधर्व समाज जिला धमतरी कार्य करणी बैठक ग्राम दुगली बाबा बहाराय रविवार को गंधर्व समाज जिला धमतरी कार्य करणी बैठक रखा गया है जिसमें समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सदस्यों से निवेदन है कि आप लोग समय को ध्यान में रखते हुए जिसमे बैठने की स्थान दुगली बाबा बहाराय समय 10 बजे विनित अध्यक्ष सचिव गंधर्व समाज जिला धमतरी ने जानकारी दी।

'मोर दुआर, साय सरकार' के तहत पीएम आवास योजना का सर्वे कार्य शुरू

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी पहल मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में छूटे पात्र परिवारों को शामिल करने के लिए विशेष पखवाड़ा 15 से 30 अप्रैल तक चलाया जा रहा है। इस दौरान आवास प्लस 2.0' एप्लीकेशन के माध्यम से स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची से वंचित परिवारों का सर्वे किया जा रहा है। इसी कड़ी में 17 अप्रैल को ग्राम पंचायत करलखा में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी उसेण्डी की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों का सर्वे कार्य संपन्न कराया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिन परिवारों का नाम अब तक सूची में नहीं जुड़ पाया है, वे 30 अप्रैल तक अपना पंजीयन अवश्य कराएं। सर्वे प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्रों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

पात्र हितग्राहियों से आग्रह किया गया है कि वे इन प्रतिनिधियों से संपर्क कर अपनी जानकारी दे सकते है, ताकि उन्हें इस योजना का लाभ मिल सके।

प्रथम पेज का शेष

रक्षा संबंधों को अधिक...

ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संबंधों को आगे बढ़ाने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहभागिता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

श्री सिंह ने 'यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल' द्वारा आयोजित भारत-ब्रिटेन रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन में प्रतिभागियों को भी संबोधित किया। उन्होंने नौसेना प्रणालियों, ड्रोन, निगरानी, रक्षा अंतरिक्ष और विमानन जैसे प्रमुख रक्षा क्षेत्रों में भारतीय स्टार्ट-अप की बढ़ती क्षमताओं का उल्लेख किया। रक्षा सचिव ने ब्रिटिश कंपनियों से स्टार्ट अप के साथ साझेदारी की संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया और किफायती तथा अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने की उनकी क्षमताओं पर विचार साझा किये।

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत भविष्य में रक्षा उद्योग जगत की भागीदारी को दिशा देने के लिए औद्योगिक सहयोग रोडमैप विकसित करने के उद्देश्य से ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। उन्होंने ब्रिटेन की कंपनियों को उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में भारत के विशेष रक्षा गलियारों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया, जहां वे राज्य स्तर की योजनाओं तथा तेजी से विकसित हो रहे रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम का लाभ उठा सकती हैं।

भरतमुनि का नाट्यशास्त्र ...

जरिए वैश्विक शांति में सहयोग के लिए स्थापित एजेंसी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत इसका एक मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राचीन धरोहरों का संरक्षण भी है।

यूनेस्को के मेमोरी ऑफद वर्ल्ड रजिस्टर में नाम दर्ज होना उस देश की दस्तावेजी धरोहर की अहमियत और इसे लोकप्रिय बनाने में अहम साबित होता है। इसके जरिए इन दस्तावेजों पर अनुसंधान, इससे जुड़ी शिक्षा, मनोरंजन और संरक्षण पर भी समयानुसार जोर दिया जाता है।

यह महान ग्रंथ नाट्यकला के अलावा काव्य, संगीत, नृत्य, शिल्प और अन्य कलाओं का भी विषयवार कोष है। नाट्यशास्त्र ग्रंथ ने भारत की रंगमचीय कला को शताब्दियों से प्रभावित किया है, क्योंकि इस अकेले ग्रंथ में नाट्य विषय का पूरा विवरण है। मसलन नाट्यशास्त्र, संगीत शास्त्र, अलंकार, रस सभी को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया गया है। नाट्यकला की यह जानकारी उस समय के किसी भी ग्रंथ में उपलब्ध नहीं मिलती। यह तत्कालीन विश्व के किसी ग्रंथ में भी मौजूद नहीं मिलता।

उपग्रह आधारित टोल ...

चुनिंदा टोल प्लाजा पर स्वचालित नम्बर प्लेट पहचान- फास्टैग आधारित 'बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम' लागू किया जाएगा।

उन्नत टोलिंग प्रणाली में 'स्वचालित नंबर प्लेट पहचान' तकनीक वाहनों की नंबर प्लेट पढ़कर उन्हें मौजूदा 'फास्टैग प्रणाली' जो टोल कटौती के लिए रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन का उपयोग करती है के साथ जोड़ेगी। इसके तहत वाहनों से टोल प्लाजा पर रुके बिना ही इस तकनीक के आधार पर उनसे टोल संग्रह किया जाएगा। नियमों का पालन न करने की स्थिति में उल्लंघनकर्ताओं को ई-नोटिस भेजा जाएगा, जिसका भुगतान न करने पर फास्टैग निलंबित किया जा सकता है और वाहन से संबंधित अन्य दंड लगाया जा सकता है।

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून...

डॉ आंबेडकर को एक समय बिना भोजन के सोना पड़ा, क्योंकि लोगों ने अछूत मानकर उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। आंबेडकर बताते हैं कि उनके पास पर्याप्त खाना था, भूख भी लगी थी, इसके बावजूद उन्हें भूखे सोना पड़ा। स्कूल में उन्हें अपनी रैंक के मुताबिक सहपाठियों के बीच बैठने की अनुमति नहीं थी। उन्हें कोने में अकेले बिठाया जाता था।

वन प्रबंधन में औपनिवेशिक

को सरल और सुलभ बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला की सफलता की कामना करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के साथ-साथ वन-पर्यावरण के संरक्षण में भी यह कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री यादव ने कहा कि हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए समुदाय आधारित योजनाएं तैयार करने की जरूरत है। केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रकृति के संरक्षण के लिए एनवायरमेंट फ्रेंडली लाइफ पर ध्यान देने के लिए जनता को निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। पृथ्वी पर निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा, अन्न और जल को सुरक्षित रखना होगा। पर्यावरण संरक्षण में सॉलिड वेस्ट और ई-वेस्ट मैनेजमेंट बड़ी चुनौती हैं। प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना आवश्यक है। केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि विकास की इस धारा में वन और प्रकृति के संरक्षण को साथ लेकर चलना होगा। केंद्र सरकार ने कैपेसिटी बिल्डिंग के माध्यम से वनों में रहने वाले लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिए कार्य किया है। वन और यहां रहने वाले लोगों के विकास और संरक्षण के लिए समग्र चिंतन की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य हो रहे हैं। एक पे? मां के नाम हमारा बड़ा अभियान बन चुका है। नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए सोलर एनर्जी अलायंस बनाया गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए भी अलायंस की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय बायोफ्यूल अलायंस बनाया गया है। भारत आज दुनिया के विकासशील देशों में ग्लोबल साऊथ का नेतृत्व कर रहा है। हमें वोकल फॉर लोकल तो होना है, साथ में भारत को जनजातीय वर्ग और पर्यावरण के संरक्षण में वैश्विक नेतृत्वकर्ता भी बनना है।

गांधीसागर अभयारण्य की जलवायु

अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री श्री यादव की मंशा के अनुरूप हम कूनो प्रक्षेत्र में इंटरनेशनल लेवल का एक पशु चिकित्सालय और रेस्क्यू सेंटर भी खोलेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार से भी मदद लेंगे। पशु चिकित्सालय के संचालन से कूनों के चीतों के इलाज के साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र में गौवंश के उपचार में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के नेचर टूरिज्म सेक्टर में निहित असीम संभावनाओं को एक्सप्लोर करेगी। राज्य के अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को वन्य पर्यटन से जोड़ेंगे। चीता मित्र और महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को टूरिस्ट गाईड भी बनाएंगे, कूनो परिक्षेत्र में राज्य आजीविका विकास मिशन से दीदी कैफे संचालित किए जाएंगे, जिससे चीता मित्रों और महिलाओं को स्थानीय रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की धरती पर चीतों के पुनर्वास से एक सदी का इंतजार खत्म हुआ है। राज्य सरकार किंग कोबरा, घड़ियाल और दुर्लभ प्रजाति के कछुओं के संरक्षण के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार किंग कोबरा संरक्षण के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। प्रदेश के जंगलों में जहरीले सांपों की संख्या नियंत्रित करने के लिए किंग कोबरा को बसाना आवश्यक है। पहले चरण में 10 किंग कोबरा मध्यप्रदेश लाने पर विचार हो रहा है।

संक्षिप्त खबरें

हेल्दी बेबी कॉम्पिटिशन आज

रायपुर /नवप्रदेश। कल्याण पब्लिक हा. से. स्कूल , शंकर नगर khamardi में कल्याण शिक्षा प्रसार समिति द्वारा हेल्थी बेबी कॉम्पिटिशन (स्वस्थ शिशु प्रतियोगिताद्म) का आयोजन 19 अप्रैल 2025 को 2 से 5 बजे तक किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता 2 समूहों में आयोजित की जा रही है ग्रुप a - 0 से 3 साल के बच्चों के लिए ओर ग्रुप b - 3 ह्यद्द 6 साल के बच्चों के लिए। इस प्रतियोगिता में बच्चों का स्वास्थ प्रशिक्षण शिशु विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। जो शिशु पूर्ण स्वस्थ पाए जाने पर दोनों ग्रुप में 1st , 2nd, 3rd पुरस्कार भी दिया जाएगा, साथ ही cute smile, best dress-up, shiny skin, sparking eye, chubby cheeks जैसे टैग द्वारा भी पुरुस्कार दिया जाएगा, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है।

रायपुर बना अंतर्राष्ट्रीय गंजा तस्करों का सुरक्षित ठिकाना

रायपुर। रायपुर अब बना अंतर्राष्ट्रीय गंजा तस्करों का सुरक्षित ठिकाना हुआ है। छत्तीसगढ़ में ओडिशा से गांजा आने की खबर तो सबी जानते है लेकिन अब छत्तीसगढ़ में विदेशी गांजा भी तस्करों ने उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। ऐसे ही एक तस्कर को रायपुर की टिकरापारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाठागांव बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति को 15.25 ग्राम विदेशी गांजा और 1 लाख रुपये कीमत के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। पुलिस सूत्र बताते है कि मुखबिर से सूचना मिली कि तुषाल मूलचंदानी (23 वर्ष, विशाल नगर, तेलीबांधा) नाम का व्यक्ति भाठागांव बस स्टैंड के गेट नंबर 1, धनवंतरी मेडिकल के पीछे शुलभ शौचालय के पास अवैध मादक पदार्थ (विदेशी गांजा) की खरीद-बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया. तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15.25 ग्राम विदेशी गांजा (ओजी) और आईफोन जब्त किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि गांजा उसे उसके दोस्त पंकज चावला (दलदल सिवनी, मोवा) ने मुंबई से मंगवाकर दिया था, और वह इसे ग्राहक को देने के लिए बस स्टैंड आया था। पुलिस ने धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

फैक्ट्री में महिला मजदूर की मौत प्रबंधक के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। धरसींवा स्थित हिन्दुस्तान क्राईल्स में एक महिला मजदूर के ऊपर बोरियों की छल्ली गिर जाने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सीजन बाई पति रामप्रसाद विश्वकर्मा 35 वर्ष सिलतरा स्थित हिन्दुस्तान क्राईल्स में काम करती थी, कंपनी में खाना खाने के बाद बैठी थी, तभी सीजन बाई के ऊपर बोरियों की छल्ली गिर गई। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई और अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम मोहरेंगा स्थित एशियन टाईल्स कंपनी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोहरेंगा निवासी मृतक तेजस्वी धीवर 20 वर्ष अपने दोस्त नवीन कुमार गायकवाड़ 17 वर्ष के साथ बाइक में कहीं जा रहा था, तभी एशियन टाईल्स कंपनी के पास कार क्रमांक सीजी 04 एमके 1235 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे हजारों रुपए का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक अग्रवाल 33 वर्ष जिंदल कालोनी मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कई जिलों में बदली-बारिश की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश, गरज-चमक और बूंदाबांदी हो सकती है. प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका का असर दिखाई दे रहा है, जिसके चलते एक-दो स्थानों पर आंधी-तूफान और बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

लगातार 22 वर्षों से करा रहे हैं सामूहिक विवाह

साहू समाज का नेक कार्य-निर्धन बेटियां का होगा निःशुल्क विवाह

ठ्ठ अन्य पिछड़ा वर्ग भी हो सकता है शामिल

अमलेश्वर/नवप्रदेश। आज के इस भाग दौड़ भरे जिंदगी में कोई किसी के लिए समय नहीं निकल पा रहा है वहां पर साहू समाज एक मिसाल कायम कर रहा है। निर्धन बेटियों का सामूहिक विवाह का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। साहू समाज का यह कार्य लगातार 22 वर्षों से चल रहा है जो दूसरे समाजों के लिए एक सशक्त प्रेरणा और उदाहरण है।

समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह कार्य लगातार 22 वर्षों से कर रहे हैं। इसके अंतर्गत लगभग 1000 बेटियों का विवाह हो चुका है व्यर्थ के खर्चों और दिखाओ से आज समाज में जो निर्धन वर्ग के लोग हैं। उनको अपनी बेटी की विवाह में काफी दिक्कतों और मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार वह कर्ज में डूब जाते हैं। जिसके गंभीर परिणाम भी निकालते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए साहू समाज ने आज से 22 साल पहले ही इसकी शुरुआत कर दी थी। ताकि इस महंगाई के जमाने में कोई निर्धन बेटी के विवाह में बाधा न आए। उन्होंने बताया कि इसका सारा खर्चा समाज ही उठता है किसी प्रकार की कोई बाहरी आर्थिक सहायता नहीं है।

उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में साहू समाज के अलावा पिछड़ा वर्ग भी शामिल हो सकता है। सामूहिक विवाह का मुख्य उद्देश्य व्यर्थ के खर्च से बचाव सामाजिक एकता का संकल्प ही मुख्य उद्देश्य है।

अमलेश्वरडिही में लगभग 7 एकड़ में मंडप बनकर तैयार हो रहा है। जिसमें अलग-अलग मंडप बनाए जाएंगे। अलग-अलग पंडित बैठेंगे और हिंदू रीति रिवाज से मंत्र उच्चारण के साथ इनका विवाह संपन्न होगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन के अलावा छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण और पूर्व मंत्रियों की शामिल होने की संभावना है।समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है 19 और 20 अप्रैल को यहां भव्य आयोजन होगा इसके लिए समाज ने अलग-अलग टीम कार्यकर्ताओं की तैयार कर रखी है जो अपने काम को सुचारू रूप से अंजाम दे रहे है ताकि सामूहिक विवाह में आने वाले भाई, बहनों, बेटियों, बड़े बुजूगो को इधर-उधर भटकना न पड़े और कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो। छत्तीसगढ़ और दूसरे प्रदेश से आने वालों के लिए भी भवनों का व्यापक इंतजाम किया गया है।

सुहाग फिल्म देख खुश हुए मुख्यमंत्री साय

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित मैग्नेटो मॉल के सिनेमाघर में छत्तीसगढ़ी फिल्म 'सुहाग' का विशेष प्रदर्शन देखने पहुंचे। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले पद्मश्री सम्मानित और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के अभिनय की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने इस फिल्म का ट्रेलर लांच किया था, और आज यह देखकर प्रसन्नता हुई कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा कितनी खूबसूरती से अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक किरण देव सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आयोगों-मंडलों के नवनियुक्त अध्यक्षगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'सुहाग' एक पारिवारिक फिल्म है और भारत में पारिवारिक मूल्यों पर आधारित फिल्मों का सदा से विशेष स्थान रहा है। उन्होंने याद किया कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मोर छइहां भुइहां' भी पारिवारिक थी, और अब 'सुहाग' उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। फिल्म के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, रिश्तों की गरिमा और पारिवारिक जीवन की सहजता को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा की प्रतिभाओं की भी सराहना करते हुए कहा हमारे कलाकार, निर्देशक और पूरी यूनिट मेहनत और लगन से कार्य करते हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ी सिनेमा आज दर्शकों के दिलों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित फिल्म सिटी का निर्माण, छत्तीसगढ़ी सिनेमा को बेहतर अधोसंरचना, बेहतर अवसर और राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

गांव अगर तकनीक से जुड़ेंगे तो भारत का भविष्य सशक्त बनेगा

ठ्ठ छत्तीसगढ़ में सीएस भारतीय एआई लैब्स और करियर सेंटर की दूरदर्शी पहल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा और नवाचार को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। विश्वप्रसिद्ध एआई विशेषज्ञ, उद्यमी और शिक्षक समीर रंजन की अगुवाई में शुरू हुई। पहल सीएस भारतीय एआई लैब्स और करियर सेंटर राज्य के गांवों और छोटे शहरों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शिक्षा और अवसरों को सुलभ बना रही है।

समीर रंजन, जो कॉग्निटिव स्प्रिंट्स, आईटी पूल और सीएस भारतीय एआई के संस्थापक हैं और कैटेनेट कॉर्प में CTO के रूप में कार्यरत हैं, अमेरिका और वैश्विक मंच पर मायामाया और मेडिकोएड जैसे सफल AI प्लेटफॉर्म्स के निर्माण के बाद अब भारतीय ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के मिशन में जुटे हैं। पेटेंट और सर्किल द्वारा ÒAI इन्फ्लुएंसर ऑफ द ईयर' और T डलास द्वारा 'एलुमनस ऑफ द ईयर' जैसे सम्मान प्राप्त रंजन का मानना है कि अगर गाँव तकनीक से जुड़ेंगे, तो भारत का भविष्य अकल्पनीय रूप से उज्ज्वल बनेगा। सीएस भारतीय एआई लैब्स और करियर सेंटर की कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को क्रांति से जोड़ना है, जिससे वे पायथन, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, जनरेटिव एआई, जैसी वैश्विक तकनीकों से दक्ष होकर रोजगार और स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ सकें। प्रत्येक लैब में इंटरनेट, कंप्यूटर, डिजिटल क्लासरूम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, पुस्तकालय, प्रोजेक्ट आधारित मूल्यांकन प्रणाली और आधुनिक टूल्स जैसे के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। यह पहल न केवल छात्रों को वैश्विक रोजगार के लिए तैयार करती है बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संचालित समाधानों के माध्यम से आम जनता के जीवन में प्रत्यक्ष सकारात्मक बदलाव भी ला रही है। आधारित फसल पूर्वानुमान, स्वास्थ्य जांच, शिक्षा ऐप्स, फ्रीलांसिंग और माइक्रो जैसे नवाचार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं। तीन वर्षों की रणनीतिक रोलआउट योजना के तहत पहले वर्ष में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में 25 केंद्र खोलकर 5,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा। दूसरे वर्ष में यह विस्तार पड़ोसी आदिवासी बेल्ट और वंचित क्षेत्रों तक किया जाएगा और तीसरे वर्ष में पूरे राज्य में 100+ केंद्रों के माध्यम से इस पहल का पूर्ण विस्तार किया जाएगा। इस योजना को स्थानीय कॉलेजों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जबकि इसकी वित्तीय स्थिरता भारतीय एआई फेलोशिप फंड और सीएसआर योगदान के माध्यम से सुनिश्चित की गई है।

समीर रंजन ने एक भावनात्मक संदेश में ये कहा...

भारत में जन्मा और अमेरिका में एक दशक तक वैश्विक उत्पादों पर काम करने के बाद, मैंने की उस शक्ति को जाना है जो जीवन बदल सकती है। भारतीयएआई मेरी तरफसे भारत को लौटाने का तरीका है। यह सुनिश्चित करना कि हर छात्र, चाहे वह छत्तीसगढ़ के सबसे दूरदराज गांव में ही क्यों न हो, बड़े सपने देखें, निडर होकर निर्माण करे और वैश्विक स्तर पर चमके। यह पहल भारत के डिजिटल समावेशन की दिशा में एक बड़ा और प्रेरणादायक कदम है, जो आने वाले वर्षों में तकनीकी रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

नीलू शर्मा को पारवानी ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

रायपुर /नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू , प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, और कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने नीलू शर्मा जी को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष के रुप में कार्यभार ग्रहण करने पर अमर पारवानी ने उनसे मुलाकात करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट टीम ने नीलू शर्मा जी को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष के रुप में कार्यभार ग्रहण करने पर उनसे मुलाकात करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होनें ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ को देश के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए पर्यटन, वन और जल संसाधन विभाग एकीकृत कार्ययोजना बनाकर कार्य चाहिए। प्रदेश में वन आधारित पर्यटन, महानदी, इन्द्रावती नदियों प्रदेश के प्रमुख बांधों में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जाए।

प्रदेश की शक्ति पीठों में पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएं। ईको टूरिज्म, एथेनिक टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, हेरीटेज टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन, वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। पर्यटन क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को नियमित रूप से रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य ये होम स्टे सहित छोटे-छोटे कुटीर उद्योग पर भी लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। पर्यटन क्षेत्रों के ग्रामीणों में होम स्टे व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए।

राजीव अग्रवाल को अमर पारवानी ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

रायपुर /नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने राजीव अग्रवाल जी को छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष के रुप में कार्यभार ग्रहण करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पारवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआईडीसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया की अवधारणा को सफल बनाने के लिए पूरे देश में छत्तीसग? की उद्योग नीति सबसे ज्यादा सफल रही। प्रदेश में चार इण्डस्ट्रियल क्लस्टर की स्थापना की घोषणा गई है। इनमें से दो राजनांदगांव जिले के घुमना तहसील में और दो नवा रायपुर में स्थापित होंगे। देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान बनाने में हम सफल हुए हैं, आने वाले समय में हिन्दुस्तान दुनिया के तीन सबसे शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा रहेगा। छत्तीसगढ़ तेजी से विकास करेगा और 2047 तक छत्तीसगढ़ हिन्दुस्तान के तीन प्रमुख राज्यों में खड़ा होगा। अब छत्तीसगढ़ अलग वैश्विक पहचान बनाएगा।

सीजीपीएससी मामले में सीबीआई की छापेमारी

ठ्ठ कांग्रेस के शासन काल में हुआ करप्शन टूरिज्म: शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। सीजीपीएससी घोटाले मामले में सीबीआई की छापेमारी में हुए खुलासे ने फिर से सियासी हलचल बढ़ा दी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लगातार केंद्रीय एजेंसियों पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस पर हमला बोला है. उन्होने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में करप्शन टूरिज्म हुआ है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि क्या कांग्रेस अपने सरकार के मुखिया से पूछेंगे कि हो क्या रहा था ? हैरानी है कि रिसोर्ट में बैठाकर सीजीपीएससी का पेपर सॉल्व कराया जा रहा था। ऐसे युवा सिस्टम में घुसकर पूरे विभाग को बर्बाद करते हैं। छत्तीसगढ़ के होनहार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया था. कांग्रेस के शासन काल में करप्शन टूरिज्म हुआ है।

नक्सलियों में मची खलबली

विजय शर्मा ने कहा बीजापुर में 22 नक्सलियों की गिरफ्तारी को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों की दो श्रेणियों में इस समय काफी ज्यादा खलबली मची हुई है। जिन लोगों को पहले बंदूक के दम पर डराकर, धमकाकर नक्सल संगठन में शामिल किया गया था और पद भी दिए गए थे, अब वे स्वयं को स्वतंत्र महसूस कर रहे हैं और स्वेच्छा से पद छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

पदभार में करोड़ों रुपए फूंक कर जनता का पैसा उड़ा रही सरकार: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। साय सरकार के द्वारा निगम मंडलों में नियुक्त पदाधिकारी के शपथ ग्रहण के राजनीतिक इवेंट पर कड़ा प्रतिवाद करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मनोनीत पदों पर केवल पदभार ग्रहण होता है, संविधान में ऐसे शपथ के इवेंट का प्रावधान नहीं जैसा शपथ ग्रहण समारोह का गैर जरूरी आयोजन साय सरकार कर रही है, एक तरफ विगत सवा साल से हर माह औसत 3500 करोड़ कर्ज ले रही है, 25 जिलों में एनएचएम कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है, सरकारी अस्पतालों में दवा नहीं है, उपकरणों का मेंटेनेश तक बंद है, भुगतान के अभाव में विकास कार्य अवरुद्ध हैं ऐसे में राजकीयकोष का दुरुपयोग आर्थिक अपराध है, जनता के प्रति अन्याय है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि हजारों करोड़ो रू. किस मद से खर्च किए गए? इंडोर स्टेडियम, शहीद स्मारक, दीनदयाल उपाध्याय वातानुकूलित आडिटोरियम का किराया, भोजन, परिवहन व्यय, पूरे प्रदेश में व्यापक पैमाने पर बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर का खर्च किम मद से उठाया गया? किस किस विभाग में इस प्रकार के इवेंट के लिए बजट स्वीकृत है?।

अभियान संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने कहा-भूपेश तो शराबंदी की नहीं जुटा पाए हिम्मत, कम से कम साय सरकार ही दिखाए

शराबबंदी को लेकर किसान संघर्ष समिति ने छेड़ा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का चुनावी वादा कर पहली बार सत्तासीन होने वाली रमन सरकार ने अपने लगातार तीन कार्यकालों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक कदम उठाएं। जिसे बदलने का साहस भूपेश सरकार भी नहीं कर पाया पर सत्ता में वापस लौटे भाजपा के सत्तारूढ़ साय कैबिनेट ने पूर्ववर्ती रमन सरकार के शराबबंदी के वादे को पूर्ण करने की दिशा में आगे न बढ़ प्रदेश में 67 नयी शराब दुकानें खोलने का निर्णय ले आम मतदाताओं को अचंभित व आक्रोशित कर दिया है। नई शराब दुकानें खोलने प्रस्तावित ग्रामों में से कतिपय ग्रामों व उससे प्रभावित होने वाले आसपास के ग्रामों का दौरा कर आमजनों से चर्चा के बाद यह जानकारी देते हुए शराब विरोधी मुहिम में जुटे किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने ग्रामीणों से मिले प्रतिक्रिया के हवाले से कहा है कि शराबबंदी के दिशा में आगे बढ़ने की इच्छा यदि साय कैबिनेट की नहीं थी तो कम से कम यथास्थिति बनाये रखते। शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पहली बार सत्तारूढ़ हुए रमन सरकार द्वारा किये गये पूर्ण शराबबंदी के वादे को कतिपय जाने - अनजाने कारणों से पूर्ण न कर पाने पर अपने दूसरे कार्यकाल में चरणबद्ध तरीके से शराबबंदी करने का वादा कर शराब दुकानों को क्रमिक रूप से बंद करने का उल्लेखनीय कार्य किया व तीसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय राजमार्गो पर स्थित शराब दुकानों को हटवा अंदरूनी इलाकों में भी स्थानांतरित कराने का साहसिक कार्य प्राप्त होने वाले राजस्व की कीमत पर किया। रमन सरकार की विदाई करने वाले भूपेश सरकार ने भी जनमानस को देखते हुए नई शराब दूकाने खोलने का साहस न दिखा सिर्फ रमन सरकार द्वारा अंदरूनी इलाकों में स्थानांतरित किए गए शराब दुकानों को पुनः राजमार्गो में लाने की कार्यवाही करने तक ही अपने आप को सीमित रखा लेकिन वर्तमान सरकार ने तो अपने ही पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा शराबबंदी के लिए किए गए प्रयासों को धता बता 67 नयी शराब दूकाने खोलने का निर्णय ले मतदाताओं को अर्चभित व आक्रोशित कर दिया है। जगह - जगह इस निर्णय का विरोध भी शुरू हो गया है ।

न्यूज गैलरी

नारायणमूर्ति के 17 महीने के पोते ने कमाए 3.3 करोड़ रुपये, कुल संपत्ति जानकर हैरान रह जाएंगे

बंगलूरू। एकाग्रह के पास 15 लाख शेयर हैं तो उन्हें डिविडेंड के तौर पर 3.3 करोड़ रुपये मिले। इस तरह एकाग्रह अब तक अपने शेयर से कुल 10.65 करोड़ रुपये का डिविडेंट कमा चुके हैं। इससे पहले एकाग्रह को डिविडेंट के तौर पर 7.35 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। भारत की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति के पोते एकाग्रह रोहन मूर्ति ने महज 17 महीने की उम्र में 3.3 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। दरअसल ये कमाई इंफोसिस के डिविडेंड से हुई है। एकाग्रह रोहन मूर्ति, नारायणमूर्ति और सुधा मूर्ति के बेटे रोहन मूर्ति के बेटे हैं। कुछ समय पहले ही नारायण मूर्ति ने इंफोसिस के 15 लाख शेयर एकाग्रह के नाम किए थे। अब उन्हीं शेयर पर यह 3.3 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला है। एकाग्रह नारायण मूर्ति भारत के सबसे युवा करोड़पतियों में से एक हैं। नारायण मूर्ति ने पोते एकाग्रह को बीते दिनों इंफोसिस के 15 लाख शेयर बतौर उपहार दिए थे। जिसके बाद एकाग्रह के पास कंपनी की 0.04 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जिस वक्त शेयर उपहार स्वरूप दिए गए थे, उस वक्त उनकी कीमत करीब 240 करोड़ रुपये थी। गुरुवार को इंफोसिस ने 22 प्रतिशत डिविडेंड का एलान किया। चूंकि एकाग्रह के पास 15 लाख शेयर हैं तो उन्हें डिविडेंड के तौर पर 3.3 करोड़ रुपये मिले। इस तरह एकाग्रह अब तक अपने शेयर से कुल 10.65 करोड़ रुपये का डिविडेंट कमा चुके हैं। इससे पहले एकाग्रह को डिविडेंट के तौर पर 7.35 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस का चौथी तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 7033 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी का राजस्व 7.92 प्रतिशत बढ़कर 37,923 करोड़ रुपये रहा। इंफोसिस ने चौथी तिमाही में कंपनी में 199 कर्मचारियों को नौकरी पर रखा। कंपनी अब 15-20 हजार फ्रेशर्स नियुक्त करने पर विचार कर रही है।

2025-26 में 6.4 फीसदी रह सकती है GDP की वृद्धि दर

बिजनेस डेस्क। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.4 फीसदी और 2026-27 में 6.3 फीसदी रह सकती है। रेटिंग एजेंसी फिच ने वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच 2024-25 और 2025-26 के लिए जीडीपी विकास दर अनुमानों में 0.10-0.10 फीसदी की कटौती कर क्रमशः 6.2 फीसदी व 6.4 फीसदी का अनुमान लगाया है। एजेंसी ने 2026-27 के लिए वृद्धि का पूर्वानुमान 6.3 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। फिच ने 2025 के लिए वैश्विक विकास अनुमानों में भी 0.4 फीसदी की कमी की है। चीन और अमेरिका के लिए विकास अनुमानों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की गई है। विश्वास के साथ अमेरिकी व्यापार नीति की भविष्यवाणी करना मुश्किल है। नीतिगत अनिश्चितता के कारण व्यापार निवेश संभावनाओं को नुकसान हो रहा है। भारत से पिछले दशक में सेवा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बढ़ते संरक्षणवाद तथा निरंतर वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद 2030 तक इसका मूल्य एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। अर्थशास्त्री संदीप वेंपति ने कहा, निर्यात किसी भी अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है और भारत जैसी बड़ी व विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए इसका महत्व है। निर्यात वैश्विक प्रतिस्पर्धा और नवाचार को बढ़ावा देता है। आय अर्जित करने के अवसरों का सृजन करता है। जीवन स्तर को ऊपर उठाता है। 2013 और 2023 के बीच विश्व निर्यात 23.5 लाख करोड़ डॉलर से बढ़कर 31.1 लाख करोड़ डॉलर हो गया। भारत की आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी टीसीएस ने अमेरिका में कर्मचारियों की जाति, आयु और राष्ट्रीय मूल के आधार पर उनके साथ भेदभाव किया है।

सब्सिडी आवंटन कुल व्यय के 16 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत हो गया

डीबीटी से आई लीकेज में कमी, पिछले 10 वर्षों में भारत ने 3.48 लाख करोड़ रुपये बचाए : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सिस्टम के तहत लीकेज में कमी आने के साथ कुल 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू किए गए इस सिस्टम के शुभारंभ के बाद से लाभार्थी कवरेज में 11 करोड़ से 176 करोड़ तक 16 गुना वृद्धि दर्ज की गई है।

लीकेज को रोकने के लिए इस सिस्टम के तहत पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाता है। परिणामस्वरूप सब्सिडी आवंटन कुल व्यय के 16 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत हो गया है। स्टडी में कहा गया है, डीबीटी ने लीकेज पर अंकुश लगाने और ट्रांसपेरेंसी को बढ़ावा देने के साथ फंड वितरण को लेकर सटीकता सुनिश्चित की है। इसी के साथ डीबीटी के साथ कल्याणकारी वितरण को दोबारा परिभाषित किया गया

है।यह पॉलिसी डॉक्युमेंट बजट, सब्सिडी और सामाजिक परिणामों पर डीबीटी के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक दशक (2009-2024) के आंकड़ों का मूल्यांकन करता है।

पॉलिसी डॉक्युमेंट में कहा गया है कि वेलफेयर एफिसिएंसी इंडेक्स 2014 में 0.32 से बढ़कर 2023 में 0.91 हो गया है। यह इंडेक्स राजकोषीय और सामाजिक लाभों को मापता है।डॉक्युमेंट के अनुसार, 2009-10 में कल्याण बजट में 2.1 लाख करोड़ रुपये से 2023-24 में 8.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि के बावजूद सब्सिडी आवंटन में गिरावट दर्ज की गई है, जो कि डीबीटी की सफलता को दर्शाता है।डॉक्युमेंट के अनुसार, फूड सब्सिडी कुल बचत का 53 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि एमजीएनआरईजीएस और पीएम-किसान जैसे कार्यक्रमों के तहत समय पर मजदूरी हस्तांतरण कर 22,106 करोड़ रुपये की बचत हासिल की गई।आधार-लिंक्ड ऑथेंटिकेशन ने फेक लाभार्थियों को कम करने में मदद की, जिससे राजकोषीय व्यय के बिना कवरेज का विस्तार हो पाया।स्टडी में मिक्स्ड-मेथड अप्रोच का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें केंद्रीय बजट डेटा, डीबीटी पोर्टल रिकॉर्ड और सेकेंडरी सोर्स को जांचा गया था। इसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और ग्रामीण और अर्ध-शहरी बैंकिंग पहुंच को प्राथमिकता देने की भी सिफारिश की गई है। स्टडी में कहा गया है कि लीकेज को कम करने के लिए एआई-ड्रिवन फ्रॉड डिटेक्शन को इंटीग्रेट किया जाना चाहिए।

कंपनी ने बताया कि अधिग्रहण छह महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है

ऑस्ट्रेलिया के नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल का अधिग्रहण करेगी अदाणी पोर्ट्स, बोर्ड ने दी मंजूरी

अहमदाबाद। देश की सबसे बड़ी एकीकृत ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के निदेशक मंडल ने एबॉट पॉइंट पोर्ट होल्डिंग्स (एपीपीएच) के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। यह अधिग्रहण कारमाइकल रेल एंड पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग (सीआरपीएसएचपीएल) से किया गया है, जो अदाणी समूह से जुड़ा हुआ है। अदाणी पोर्ट्स ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस सौदे को अभी कई जरूरी अनुमोदन मिलने शेष हैं। इनमें भारतीय रिजर्व बैंक, शेयरधारकों और ऑस्ट्रेलिया के विदेशी निवेश समीक्षा बोर्ड से अनुमोदन शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि अधिग्रहण छह महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। एपीपीएच के पास नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल (एनक्यूएक्सटी) का मालिकाना हक और संचालन का अधिकार है। यह एक विशेष निर्यात टर्मिनल है, जिसकी

वर्तमान क्षमता 50 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। यह टर्मिनल ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर, उत्तर क्वींसलैंड के बोवेन शहर से लगभग 25 किलोमीटर उत्तर में एबॉट प्वाइंट पोर्ट पर स्थित है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अधिग्रहण पूरी तरह से नकद रहित होगा। एपीपीएच की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के बदले अदाणी पोर्ट्स सीआरपीएसएचपीएल को 14.38 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करेगा। यह सौदा 397.5 करोड़ ऑस्ट्रेलियन डॉलर के एंटरप्राइज वैल्यू के आधार पर किया जा रहा है। अदाणी पोर्ट्स एपीपीएच की बैलेंस शीट पर मौजूद कुछ नॉन-कोर संपत्तियां और देनदारियों भी लेगा, जिन्हें अधिग्रहण के कुछ महीनों के भीतर सुलझा लिया जाएगा। इस अधिग्रहण के बाद भी अदाणी पोर्ट्स का ऋण स्तर (लिवरेज) लगभग पहले जैसा ही बना रहेगा।

एपीएसईजेड के सीईओ अश्वनी गुप्ता ने कहा, एनक्यूएक्सटी का अधिग्रहण हमारी अंतर्राष्ट्रीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नए निर्यात बाजारों के द्वार खोलता है और हमें अपने प्रमुख ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक अनुबंध सुरक्षित करने में मदद करता है। पूर्व-पश्चिम व्यापार मार्ग पर रणनीतिक रूप से स्थित एनक्यूएक्सटी, एक उच्च-प्रदर्शन करने वाली संपत्ति के रूप में मजबूत विकास के लिए तैयार है, जिसे बढ़ती क्षमता, आने वाले समय में अनुबंधों के नवीनीकरण, और दीर्घकाल में ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात की संभावनाएं आगे बढ़ाएंगी। हमारा लक्ष्य है कि अगले चार वर्षों में एनक्यूएक्सटी का ईबीआईटीडीए 40 करोड़ ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक पहुंचे। मुझे गर्व है कि हम एनक्यूएक्सटी का स्वागत अपनी 'ग्रोथ विथ गुडनेस' पहल में कर रहे हैं, क्योंकि यह पर्यावरण, सामाजिक और संचालन मानकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल एक प्राकृतिक गहरे पानी वाला, बहु-उपयोगकर्ता निर्यात टर्मिनल है, जिसकी क्षमता 50 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है।

इंडियन ऑयल के एक्स्ट्रा पॉवर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड

मुंबई। इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रमुख एक्स्ट्रापॉवर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ङ्क बिज़नेस प्रोसेस ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी में स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 100वें स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया, जो इंडियनऑयल द्वारा परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए नवाचार और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने के प्रयासों को मान्यता देता है। इस प्रोग्राम ने फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए ईंधन प्रबंधन के तरीके को एक सुरक्षित, सुगम और तकनीक-सक्षम मंच के माध्यम से पूरी तरह से बदल दिया है।

यह पुरस्कार श्री समीर कोचर, अध्यक्ष, स्कॉच डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा इंडियनऑयल की टीम को प्रदान किया गया।

स्कॉच अवार्ड्स भारत के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं, जो शासन, वित्त, प्रौद्योगिकी और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिये जाते हैं। इस वर्ष के पुरस्कारों में अग्रणी बैंक, सरकारी संस्थाएं, प्रौद्योगिकी कंपनियां और निजी क्षेत्र के संगठनों की भागीदारी रही। इंडियनऑयल का चयन एक बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद हुआ, जिसमें अंतिम प्रस्तुति 11 मार्च 2025 को दी गई थी।

एक्स्ट्रापॉवर फ्लीट कार्ड प्रोग्राम आज देशभर में लाखों फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए एक भरोसेमंद समाधान बना हुआ है, जो रीयल-टाइम नियंत्रण, पारदर्शिता और मूल्य वर्धित सुविधाएं प्रदान करता है।

सेबी की कार्रवाई के बीच जेनसोल इंजीनियरिंग के दो और स्वतंत्र निदेशकों ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की कार्रवाई के बाद जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के दो और स्वतंत्र निदेशकों ने इस्तीफा दे दिया है।

इससे पहले बाजार नियामक कथित फंड डायवर्जन और फर्जीवाड़े के कारण जेनसोल के प्रमोटर अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी पर प्रतिबंध लगा चुका है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, हर्ष सिंह और कुलजीत सिंह पोपली ने तत्काल प्रभाव से कंपनी छोड़ दी है। इससे पहले एक अन्य स्वतंत्र निदेशक अरुण मेनन ने भी कंपनी से इस्तीफा दिया था। पोपली ने अपने इस्तीफे में कहा कि हाल ही में हुए घटनाक्रम से वह दुखी हैं। उन्होंने लिखा, मुझे उम्मीद थी कि बीते एक महीने में कुछ सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे, लेकिन जिस तरह से चीजें सामने आई हैं, मैं स्वतंत्र निदेशक के पद पर बने रहने की स्थिति में नहीं हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे उम्मीद थी कि कंपनी जो इतनी तेजी से बढ़ी है और जिसकी अच्छी प्रतिष्ठा और साख रही है, वह आगे भी बढ़ती रहेगी और सभी पक्षकारों के लिए मूल्य सृजन करेगी और प्रशासन से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। दूसरी ओर, हर्ष सिंह ने इस्तीफा देने के पीछे अन्य पेशेवर प्रतिबद्धताओं का हवाला दिया। हर्ष सिंह ने अपने इस्तीफे में कहा, मुझे पता है कि मेरा फैसला ऐसे समय में आया है जब कंपनी मुश्किल दौर से गुजर रही है। हालांकि, पटना में मेरी पेशेवर प्रतिबद्धताएं कंपनी में उपयोगी तरीके से योगदान देने में बाधा बन रही हैं। मुझे ईमानदारी से लगता है कि इस मुश्किल समय में कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में मेरे स्थान पर एक अधिक अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है।

लग्ज़री और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल, नई स्कोडा कोडिएक भारत में लॉन्च

मुंबई। आज के समय में लोग एक ऐसी कार चाहते हैं, जो लग्ज़री, स्टाइल के साथ ही बेहतरीन भी परफॉर्मेंस दे । ग्राहकों की इस जरुरत को समझते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई जनरेशन की 4×4 एसयूवी स्कोडा कोडिएक को भारत में लॉन्च किया है। यह कोडिएक की सेकंड जनरेशन है, जो भारत और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में पेश की जा रही है। भारत में यह कार लग्ज़री लुक, बेहतर आराम, ऑफ-रोड राइडिंग कैपेसिटी, शानदार रोड परफॉर्मेंस की सुविधा के साथ आ रही है।

लॉन्च पर बात करते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जैनेबा ने कहा, ÷काइलैक, कुशाक और स्लाविया

की सफलता से मार्च में हमारी रिकॉर्ड बिक्री हुई। नई कोडिएक स्कोडा की लग्ज़री और टेक्नोलॉजी का प्रतीक है यह कार उन परिवारों के लिए आदर्श है जो लग्ज़री, स्टाइल और परफॉर्मेंस चाहते हैं।÷

नई कोडिएक को लग्ज़री, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का संगम कहा जा सकता है। यह एमक्यूबी37 ईवीओ प्लेटफॉर्म पर बनी है और इसमें 2.0 टीएसआई इंजन है, जो 150 किलोवाट की पावर और 320 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। 7-स्पीड डुअल क्लच डीएसजी गियरबॉक्स के साथ यह 4×4 ड्राइव देती है। इस एसयूवी की बुकिंग शुरू हो चुकी है और डिलीवरी 2 मई से शुरू होगी। नई कोडिएक दो वेरिएंट्स, स्पोर्टलाइन और सिलेक्शन एलएंडके में देखने को मिलेगी। इसमें शानदार स्पेस और 1,976 लीटर तक की लगेज कैपेसिटी है। इंटीरियर में 32.77 सेमी इंफोटेनमेंट सिस्टम, मल्टी-फंक्शन स्मार्ट डायल, न्यूमेटिक मसाज फंक्शन वाली एर्गो सीट्स, 13-स्पीकर वाला 725 वाट कैटन साउंड सिस्टम, पैनोरमिक सनरूफ और 9 एयरबैग जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

खेल

सुरुचि और सौरभ की जोड़ी ने रचा इतिहास शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल पर साधा निशाना

नई दिल्ली। सुरुचि फोगाट और सौरभ चौधरी की स्टार भारतीय जोड़ी ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा है. उन्होंने याओ कियानक्सुन और हू काई की चीनी जोड़ी को 17-9 से हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता. यह सुरुचि का तीसरा विश्व कप स्वर्ण और सौरभ का नौवां स्वर्ण पदक था. इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में संयुक्त 580 अंकों के साथ लास पालमास रेंज में स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई, जिसमें सुरुचि ने सौरभ को दो अंकों से पीछे छोड़ दिया. चीनी जोड़ी ने 585 अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया. फाइनल मुकाबले में भी चीनी जोड़ी ने 2-6 और 4-8 की

बढ़त के साथ बढ़त हासिल की, लेकिन भारतीय कोच समरेश जंग द्वारा लिए गए टाइम आउट से मैच की गति बदल गई। सुरुचि ने पूरे मैच में शानदार शॉट लगाए और दो बार जब वह 10-रिंग से चूक गई, तो उनके टोक्यो ओलंपियन साथी ने हाई 10 के साथ भरपाई की, जिसमें मैच के पहले हिट के लिए 10.9 शामिल थे। इस जोड़ी ने 10वीं सीरीज में सिंगल शॉट की पहली सीरीज के बाद खोई हुई बढ़त हासिल कर ली, और 11-9 से आगे हो गई, जबकि आठवीं सीरीज में स्कोर 9-9 से बराबर हो गया था. इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और जीत हासिल करने के लिए उन्हें सिर्फ अगली तीन सीरीज की जरूरत थी, क्योंकि चीनी खिलाड़ी दबाव में पहले शॉट में चूक गए. उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10.6 (सुरुचि) और 10.5 (सौरभ) के साथ खेल को समाप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

सिडनी टेस्ट से खुद को बाहर रखने पर रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी, किये कई बड़े खुलासे

नईदिल्ली। आईपीएल 2025 के समापन के बाद भारतीय टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करने वाली है. ये सीरीज 20 जून से शुरू होगी. भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा इस दौरे को टीम इंडिया के लिए बड़ी चुनौती करार दे रहे हैं, क्योंकि भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने की उम्मीद कर रहा है। रोहित ने माइकल क्लार्क से बियॉन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट पर पिछले इंग्लैंड टूर के बारे में बात करते हुए कहा, पिछली बार जब हमने इन खिलाड़ियों के साथ खेला था, तो सीरीज 2-2 से बराबर थी. हमें इनमें से कुछ खिलाड़ियों (बुमराह और शमी) को 100त्न फिट होने की जरूरत है. जिसके बाद हमारे पास एक शानदार सीरीज होगी, और मैं जानता हूं कि ये खिलाड़ी इन दिनों किस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं. यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक अच्छी चुनौती होगी। भारतीय कप्तान इंग्लैंड सीरीज के दौरान निश्चित रूप से आलोचनाओं का सामना करेंगे, क्योंकि वो 2024-25 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में बुरी तरह से फ्लॉप रहे थे. 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में रोहित ने 3 मैच खेले थे और सिर्फ 31 रन बन सके थे. पहले टेस्ट में वो उपलब्ध नहीं थे जबकि आखिरी टेस्ट में खराब फॉर्म का हवाला देते हुए उन्होंने खुद को टीम से बाहर कर लिया था। रोहित ने खुद को बाहर रहने के फैसले के बारे में भी खुलकर बात की. उनकी जगह शुभमन गिल को शामिल किया गया था और भारत ने उस मैच को भी छह विकेट से गंवा दिया था. रोहित ने पॉडकास्ट में कहा, मुझे खुद के साथ ईमानदार होना था - मैं गेंद को अच्छी तरह से नहीं मार रहा था, और मैं सिर्फ खेलना नहीं चाहता था. कुछ अन्य खिलाड़ी भी संघर्ष कर रहे थे, और हम वास्तव में चाहते थे कि गिल खेलें. वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है इसलिए हमें लगा कि वह एक मौका पाने का हकदार है. मैंने कोच और चयनकर्ता से बात की, जो दौरे पर भी थे, और वे कुछ हद तक सहमत थे, कुछ हद तक नहीं.

रोहित ने आगे कहा, आप टीम को पहले रखने की कोशिश करते हैं, देखते हैं कि टीम को क्या चाहिए, और उसके अनुसार निर्णय लेते हैं. कभी-कभी यह काम करता है, कभी-कभी नहीं, बस यही होता है. आप जो भी निर्णय लेते हैं, उसकी सफलता या सही होने की कोई गारंटी नहीं होती. आप बस वही करते हैं जो टीम के लिए सबसे अच्छा लगता है. रोहित ने ये भी कहा, जब से मैंने राष्ट्रीय टीम की कप्तानी शुरू की है, सिर्फ मैं ही नहीं, मैं चाहता हूं कि बाकी खिलाड़ी भी ऐसा ही सोचें - टीम को प्राथमिकता दें और टीम के लिए जो जरूरी है वो करें और मेरे रन, मेरे स्कोर और इस तरह की चीजों के बारे में ज्यादा चिंता न करें. यह जरूरी है क्योंकि आप एक टीम स्पोर्ट खेल रहे हैं।

विकास कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी, अधिकारियों को समय पर करना होगा पूरा काम

राज्यमंत्री गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के रहवासियों की समस्याएं सुनीं

भोपाल/नवप्रदेश। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को समय पर काम करना होगा। मंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों द्वारा लंबे समय तक फाइल अटकाने पर नाराजगी व्यक्त की। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने शुक्रवार को वार्ड-61 का औचक निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनका निराकरण किया।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने भ्रमण के दौरान कहा कि नागरिक सुविधाओं के स्थायी समाधान के लिए हम संकल्पित हैं। हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। मंत्री श्रीमती गौर को गोविंदपुरा स्थानीय रहवासियों ने पेयजल से जुड़ी कुछ परेशानियाँ बताई। उन्होंने पानी का प्रेशर कम होना और निर्धारित समय से कम अवधि तक पानी मिलने की शिकायत की। मंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को पाइपलाइन का प्रेशर ठीक करने, पानी लाइन नेटवर्क को दुरुस्त करने और जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश दिए।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर को लवकुश नगर, समृद्धि परिसर खजूरीकलां के रहवासियों ने बताया कि यहां मौजूद 40 फीट रोड पर बारिश में पानी भर जाता है। रहवासियों ने नाली पर से अतिक्रमण हटा कर सफाई की मांग की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों से पानी निकासी की व्यवस्था करने और मंदिर में पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। रचना विहार एवं अवंतिका विहार में कॉलोनी की प्रस्तावित सड़क एवं पार्क सौंदर्यीकरण कार्यों को शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य के लिये विधायक निधि से 5 लाख रूपये की सहयोग राशि प्रदान की गई है, ताकि धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का स्वरूप और अधिक आकर्षक बन सके। तुलसी परिसर में मार्ग चौड़ीकरण, नाला सफाई, सीवेज के खुले में बहने तथा मंदिर सौंदर्यीकरण कार्यों के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अमृतपुरी खजूरीकलां क्षेत्र के अमृतेश्वर महादेव मंदिर के समीप भ्रमण के दौरान रहवासियों से स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। पार्क के सौंदर्यीकरण व बाउंड्रीवाल की मांग को प्राथमिकता पर लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। श्री त्र्यंबकेश्वर मंदिर टैगोर नगर में रहवासियों ने खाली पड़ी जमीन को पार्क में विकसित करने की मांग की और सीवेज की समस्या से भी अवगत कराया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मांग को प्राथमिकता पर लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र 100 मीटर की खराब हुई सीवेज लाइन को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। राधाकुंज कॉलोनी में रहवासियों ने पुलिया के निर्माण, ट्रांसफार्मर खराब होने, नर्मदा जल नहीं मिलने की समस्या बताई। श्रीराम साई परिसर के रहवासियों ने बारिश के पानी की निकासी नहीं होने, सीवेज लाइन के नेटवर्क को दुरुस्त करने और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की मांग की।

पार्षद श्रीमती मधु सबनानी, श्री रुपेश कुमार पाटि, श्री अंकित मेश्राम, श्री शिवलाल मकोरिया, श्री राकेश मालवीय, श्री अशोक गुप्ता, श्री आनंद पाठक, श्री हरि प्रसाद तिवारी, श्री संजय सबनानी, श्री नीलेश गौर सहित सैकड़ों की संख्या में रहवासी, कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी भ्रमण के दौरान उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

केरवा डैम के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाया: डैम के अंदर बना दी थी सड़क

प्रशासन-जल संसाधन विभाग की टीम ने कार्रवाई की

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के केरवा डैम के कैचमेंट एरिया में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। डैम के अंदर ही सड़क बना दी गई थी। जिसे जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने हटा दिया। डैम के पास स्थित महुआखेड़ा में यह कार्रवाई हुई। यहां पर बड़े पैमाने पर अवैध कोपरा और मिट्टी भराव किया जा रहा था। ताकि, बाद में फॉर्म हाउस या प्लाटिंग की जा सके। सड़क भी बनाई जा रही थी। इस पर एनजीटी में आपत्ति भी दर्ज की गई थी। वहीं, जैव विविधता पर प्रभाव डाले जाने का भी आशंका था। इसके चलते ही शुक्रवार को हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई की।

पुलिस बल भी मौजूद

कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। ताकि, किसी प्रकार का हंगामा न हो सके।

बैरसिया में डंडे से पीट-पीटकर युवक की हत्या

शराब पार्टी के दौरान हुआ था विवाद, आधा दर्जन लोगों ने की वारदात

भोपाल/नवप्रदेश। बैरसिया में गुरुवार रात एक मजदूर की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद आधा दर्जन युवकों ने उसे पीटा था। आरोपी और मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। फिलहाल एक भी आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है। घटना गुरुवार रात की है। शुक्रवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि धनेश्वर यादव (50) मूलतः बिहार का रहने वाला था। फिलहाल वह ग्राम बवचिया थाना बैरसिया स्थित एक वेयर हाउस में पल्लेदारी का काम करता था। उसका रिश्तेदार रंजीत यादव भी बिहार का रहने वाला है और पास के दूसरे गांव में स्थित वेयर हाउस पर काम करता है। गुरुवार रात रंजीत अपने चार-पांच साथियों को लेकर धनेश्वर यादव के पास पार्टी करने पहुंचा था। यहां उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

हथियारों से लेस होकर अचानक किया हमला

इस पर रंजीत ने अपने साथियों के साथ मिलकर धनेश्वर की लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। धनेश्वर को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने बताया कि झगड़े की सूचना के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची थी, लेकिन तब तक घायल धनेश्वर की मौत हो गई थी।

दो टीमें आरोपियों की तलाश में जुटीं

उस पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। आरोपी रंजीत और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा

गाय बचाने के चक्कर में एयर होस्टेस की जान गई : भोपाल में नहर में गिरी कार

कोलार इलाके में दोस्तों के साथ घूम रही थी

हर्षिता शर्मा मृतिका

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में गुरुवार रात एक तेज रफ्तार कार कोलार नहर में गिर गई। हादसे में एअर इंडिया की एयर होस्टेस हर्षिता शर्मा (21) की मौत हो गई। वह अपने दो दोस्तों के साथ घूमने निकली थी। कार चला रहे दोस्त जय ने बताया कि सामने अचानक गाय आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में कार बेकाबू होकर नहर में जा गिरी।

हर्षिता को गंभीर हालत में एक निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। हादसे में दो दोस्तों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने गाड़ी चला रहे जय के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं।

भाई से कहा था- बर्थ डे पर भोपाल आऊंगी

एयर होस्टेस हर्षिता के पिता प्रदीप शर्मा ने बताया कि वह अक्सर शहर से बाहर रहती थी। बुधवार रात उसने भाई को वॉट्सऐप पर बताया था कि शुक्रवार को भोपाल आ रही है। हमें नहीं पता था कि वह गुरुवार को ही भोपाल पहुंच गई थी। वह मिनाल रेसीडेंसी के पास होटल में रुकी थी।

दोस्तों ने फोन पर बताया- वो अस्पताल में है

परिजन को हादसे की जानकारी तब मिली, जब हर्षिता की दोस्त शिवानी का कॉल आया कि वह अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि हर्षिता ब्रेन डेड हो चुकी है। शुक्रवार सुबह उसे मृत घोषित कर दिया गया।

दोस्त बोले- हर्षिता ने साथ घूमने बुलाया था

पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात हर्षिता अपने दोस्त सुजल और जय के साथ कार में कोलार इलाके में घूम रही थी। जय गाड़ी चला रहा था। कोलार के होली क्रॉस स्कूल के पास पुल पर कार के सामने गाय आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में गाड़ी नहर में गिर गई।

जय और सुजल ने हर्षिता को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जय ने पुलिस को बताया कि वह और सुजल एमबीए के छात्र हैं और हर्षिता के कॉल पर ही मिलने पहुंचे थे।

सीएम यादव से थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ, अंग वस्त्रम और राजा भोज की प्रतिमा भेंट कर थल सेना प्रमुख श्री द्विवेदी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जनरल द्विवेदी ने मणिपुरी शैली में निर्मित राधा कृष्ण की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भेंट में प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों, उद्योगों के विस्तार तथा युवाओं में कौशल उन्नयन के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश में विद्यमान सैन्य इकाईयों के प्रबंधन संबंधी विषयों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल पी.पी. सिंह तथा मेजर जनरल सुमित उपस्थित थे।

रायफल को गर्दन पर रखा और चला दी गोली

खरगोन में एसएफ जवान ने की खुदकुशी; सिर के पार निकल गई बुलेट

खरगोन/नवप्रदेश। खरगोन में एसएफ (स्पेशल फोर्स) के जवान ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान ने अपनी सर्विस राइफल गर्दन पर रखकर गोली चला दी। गोली सिर के पार निकल गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना जिले के गोगावां क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे की है। जवान का नाम राजकुमार शर्मा है। वह इंदौर का रहने वाला था और फर्स्ट बटालियन की सी कंपनी में तैनात था।

जवान ने ऐसा क्यों किया, इसके कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है।

ड्यूटी के दौरान खुद को मारी गोली

जानकारी के अनुसार, जवान राजकुमार गोगावां में शीतला माता मंदिर के सामने स्थित चौकी पर ड्यूटी कर रहा था। ड्यूटी के दौरान ही उसने यह कदम उठाया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के जवान और अफसर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक राजकुमार की जान जा चुकी थी।

चौकी क्षेत्र को सील किया गया

घटना के बाद चौकी क्षेत्र को सील कर दिया गया है। एफएसएल टीम और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

किसी को कोई परेशानी शेयर नहीं की- एसपी

एसपी धर्मराज मीणा ने एफएसएल टीम के साथ गोगावां पहुंचकर लगभग 3 घंटे तक जांच की। उन्होंने मृतक के संबंध में जानकारी जुटाई। कंपनी कमांडेंट और साथियों से चर्चा की। एसपी ने बताया कि राजकुमार 10 दिन पहले ही ड्यूटी पर आए थे। उन्होंने किसी तरह की परेशानी शेयर नहीं की। वह खुश थे। एसपी ने बताया शीतला माता चौकी के पास गार्ड रूम में जवान राजकुमार शर्मा (42) ने शुक्रवार शाम 4.57 बजे खुद पर गोली चलाई। प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच कर रहे हैं। एफएसएल की टीम भी कार्रवाई में लगी है।

जैन समाज पर टिप्पणी पर बीजेपी नेताओं को नोटिस

महानगर अध्यक्ष ने 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा; विधायक बोले- मेरा प्रतिनिधि नहीं

जबलपुर/नवप्रदेश। मंगलवार की रात सैकड़ों जैन समाज के लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव करते हुए दो भाजपा नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। ऐसे में भाजपा ने दोनों नेताओं को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा है। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि समय पर संतोषजनक जवाब न देने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पार्टी से निष्कासित किया जा सकता है।

इधर, जैन समाज की तुलना रावण से किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक भी पहुंच गई है। जैन समाज ने दोनों भाजपा नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर इस पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, दोनों ही भाजपा नेताओं का कहना है कि वायरल हुई आवाज उनकी नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी
रत्नेश सोनकर
महानगर अध्यक्ष

विधायक बोले- शैलेंद्र मेरे प्रतिनिधि नहीं

भाजपा के उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक अभिलाष पांडे के नाम पर शैलेंद्र सिंह खुद को विधायक प्रतिनिधि बता रहे थे। इस पर अब विधायक अभिलाष पांडे की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि शैलेंद्र सिंह उनके विधायक प्रतिनिधि नहीं हैं और उन्होंने कभी उन्हें इस पद पर नियुक्त नहीं किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने आचार्य विद्यासागर मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला और भाजपा नेता शैलेंद्र राजपूत को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो पार्टी स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

कारण बताओ नोटिस में लिखा, 3 दिन में जवाब दे

नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक ऑडियो रिकॉर्डिंग और सामाजिक वर्गों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार, आपके द्वारा आपसी वार्तालाप में समाज विशेष के संबंध में अपमानजनक एवं आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है।

यह रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही है, जिसके कारण सामाजिक संगठनों द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि यह आवाज आपकी है और आपने समाज विशेष का अपमान किया है, जिससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि तीन दिवस के भीतर इस विषय पर स्पष्ट स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा आपके इस कृत्य के लिए आपको पार्टी के दायित्वों से मुक्त करते हुए प्राथमिक सदस्यता से 6 सालों के लिए निष्कासित किया जा सकता है।निर्धारित समय में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में एकतरफा कार्रवाई की जाएगी और आपको पार्टी से निष्कासित कर दिया जाएगा।÷

बीजेपी नेताओं का ऑडियो वायरल होने पर हुआ था हंगामा

जबलपुर में जैन समाज पर अभद्र टिप्पणियां करने का ऑडियो सामने आने के बाद मंगलवार देर रात समाज के लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। समाज के लोगों का कहना है कि ये ऑडियो भाजपा के दो नेताओं का है। ऑडियो में जैन और मुस्लिम समाज को एक बताया जा रहा है। साथ ही रावण को भी जैन समाज से जुड़ा होना बताया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com